संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 266 सोमवार 28 जुलाई 2025,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें


### कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की गई गठित



#### माकन सहित कई नेताओं को मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली/पटना,27 जुलाई 2025(ए)।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने रविवार को स्क्रीनिंग कमेटी गठित कर दी है। कमेटी की अध्यक्षत अजम माकन होंगे। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में तीन सदस्य हैं, जिसमें महाराष्ट्र से सासंद प्रणिती शिंदे, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और कुणाल चौधरी शामिल हैं। इसके अलावा इस कमेट की 7 पदेन सदस्य होंगे। जिसमें बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु,बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा,देवेंद्र यादव,शाहनवाज आलम और सुशील कुमार पासी को शामिल किया गया है।

### पत्नी को सांवली कहना या खाने में नुक्स निकालना क्रूरता नहीं



#### » बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**मुंबई,27 जुलाई 2025(ए)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में 27 साल पुराने मामले को पलटते हुए एक व्यक्ति को अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से बरी कर दिया है। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि किसी महिला को उसके सांवले रंग के लिए ताना मारना या उसके खाना पकाने में दोष निकालना, भारतीय दंड संहिता की धारा 498 के तहत 'क्रूरता' की श्रेणी में नहीं आता है। यह फैसला जस्टिस एस. एम. मोदक की एकल पीठ ने आरोपी सदाशिव रूपनवार द्वारा दायर की गई अपील पर सुनाया।

### होमगार्ड भर्ती के दौरान बेहोश हुई महिला के साथ दुष्कर्म

**गया,27 जुलाई 2025(ए)।** बिहार के गया से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया के दौरान बेहोश हुई एक महिला अभ्यर्थी के साथ एंबुलेंस में गैंगरेप किया गया। आरोप एंबुलेंस के ड्राइवर और एक टेक्नीशियन पर है। पुलिस ने पीड़िता की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महज दो घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



# हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़

#### » 6 श्रद्धालुओं की मौत, कई घायल

**हरिद्वार, 27 जुलाई 2025(ए)।** उत्तराखंड के हरिद्वार में स्थित प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह भारी भीड़ के बीच भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुखद घटना में समाचार लिखे जाने तक 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी जबकि 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां गंभीर हालत वाले मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा सुबह दर्शन के समय हुआ,जब मंदिर मार्ग पर अचानक एक हाई वोल्टेज बिजली का तार टूटकर गिर गया। इससे श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई,जिसके कारण स्थिति बेकाबू हो गई। भीड़ का दबाव बढ़ने से कई लोग फिसलकर गिर गए, और उनके ऊपर अन्य श्रद्धालु चढ़ते चले गए,जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई।



### हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़,पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने जताया दुख

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार को मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई,जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस और मेडिकल टीमें मौके पर राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दुख व्यक्त किया है।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मुआवजे का किया ऐलान



एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा,हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुए हृदय विदारक हादसे में 6 लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही घटना के मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश भी दिया हैं।

### करंट की अफवाह से मची भगदड़ ?

मनसा देवी मंदिर में जल चढ़ाने वालों की भीड़ उमड़ी थी और पूरा रास्ता श्रद्धालुओं से खचाखच भरा था। तभी करंट की अफवाह उड़ी और भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है कि मनसा देवी मंदिर पर लगे बिजली के पोल में चिंगारी के बाद स्पार्क हुआ। जिस वजह से अफवाह फैल गई कि मंदिर में करंट आ गया है। ऊपर मंदिर में मौजूद श्रद्धालु नीचे की तरह भागे और बीच में आने जाने वाले लोग एक दूसरे पर गिर गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि इनमें से कई की हालत गंभीर है। एक वीडियो संदेश में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा,आज सुबह 9 बजे हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई। यहां अफवाह फैलने की वजह से भगदड़ मच गई,जिसमें 6 लोगों की जान चली गई है और कुछ लोग घायल हुए हैं।

## बिहार में सफाई कर्मचारी आयोग का होगा गठन

### चुनाव से पहले नीतीश कुमार का एक और बड़ा ऐलान

**पटना,27 जुलाई 2025(ए)।** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को राज्य में सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की घोषणा की। यह आयोग सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा,कल्याण, पुनर्वास, सामाजिक उत्थान, शिकायतों के निवारण और कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी का कार्य करेगा। नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा,मुझे खुशी है कि बिहार में सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए 'बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' का गठन किया जा रहा है। आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और पांच सदस्य होंगे, जिनमें एक महिला या ट्रांसजेंडर प्रतिनिधि भी शामिल होगा। यह आयोग सफाई कर्मियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार को सुझाव देगा और उनके हितों से संबंधित नीतियों पर काम करेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम सफाई कर्मचारियों के सम्मान और उनके बेहतर भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। आयोग उनकी शिकायतों का समाधान करेगा और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगा। इसे सफाई कर्मचारियों के सामाजिक समावेशन और विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है।

## 65 लाख मतदाताओं के नाम कटना तय

### बिहार में बन रही नई वोटर लिस्ट का पहला चरण पूरा

**नई दिल्ली,27 जुलाई 2025(ए)।** बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत बनाई जा रही नई वोटर लिस्ट को तैयार करने का पहला चरण पूरा हो गया। 24 जून से शुरू हुए इस अभियान के तहत 25 जुलाई तक लोगों से ऑफलाइन और ऑनलाइन एनुमरेशन फॉर्म लिए गए। 26 जुलाई को इसे फ्रीज कर दिया गया। अब एक अगस्त को नई बनी वोटर लिस्ट का ड्रॉफ पब्लिकेशन किया जाएगा। नई बनी वोटर लिस्ट में कम से कम 65 लाख मृत,स्थायी रूप से शिफ्ट हो चुके, डुप्लीकेट और लापता वोटरों के नाम कटना तय है।




आयोग द्वारा दिए गए आंकड़ों के हिसाब से 7.89 करोड़ वोटर वाली बिहार की इस वोटर लिस्ट में अब 8.31 फीसदी वोटर कम होकर वोटरों की संख्या 7.24 करोड़ रह जाएगी। इसमें अभी फाइनल वोटर लिस्ट आने पर वोटरों की संख्या और घट या बढ़ सकती है। पूरे हुए पहले चरण में बिहार के 91.69 फीसदी वोटरों ने अपने-अपने एनुमरेशन फॉर्म जमा करा दिए हैं। आयोग के सूत्रों का कहना है कि नई बन रही वोटर लिस्ट में अभी तक ही 8.31 फीसदी वोटरों के नाम कटने वाली लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इस तरह से इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव में आयोग को वोटिंग टर्नआउट भी बढ़ने की उम्मीद है। जो की फर्स्ट क्लास को पार कर सकता है। आयोग का कहना है कि इस तरह के मृत, शिफ्ट हुए, लापता और डुप्लिकेट वोटरों से वोटिंग परसेंटेज भी कम होता था।

#### किस-किस कैटेगिरी में वोटरों के नाम कटेंगे...

चुनाव आयोग द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों में 22 लाख (2.83 प्रतिशत) वोटर मृत मिले हैं, 36 लाख (4.59 प्रतिशत) वोटर परमानेंट शिफ्ट हो चुके हैं और इनमें से काफी लापता हैं। इनके अलावा सात लाख (0.89 प्रतिशत) वोटरों ने बिहार में ही एक से अधिक जगह अपने वोटर कार्ड बनवा रखे हैं। अभी फाइनल लिस्ट बनने तक इसमें और नाम घट-बढ़ सकते हैं।

## हरी टोपी छोड़ पीली टोपी में नजर आए लालू के लाल तेज प्रताप

#### » क्या बदलेगा परिवार की राजनीति का रंग ?

**पटना,27 जुलाई 2025(ए)।** बिहार की सियासत में एक 'नया रंग' तब उभर आया जब राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने अपनी प्रतिष्ठा और आरजेडी की पहचान से जुड़ी हरी टोपी छोड़कर पीली टोपी सर पर सजी ली है। टोपी का रंग बदलने से बिहार में लालू परिवार में राजनीति का नया दौर शुरु होने के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल,महुआ से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर तेज प्रताप यादव ने राजद से दूरी और अपनी नई पहचान की ओर कदम बढ़ा दिया है। वो पीली टोपी में टीम तेज प्रताप यादव के बैनर तले बिहार की राजनीति में हलचल मचा रहे हैं। लेकिन, क्या यह परिवार और पार्टी से बगावत है या नई सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश? जानकारों का कहना है कि तेज प्रताप का पीली टोपी अपनाना और 'टीम तेज प्रताप यादव' का गठन इस बात का संकेत है कि वे ऋछष्ठ से अलग अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान बनाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। यह विशेष रूप से तब स्पष्ट होता है जब उन्होंने RJD के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल और परिवार के कई सदस्यों को अनफॉलो कर दिया है।



#### महुआ से निर्दलीय चुनाव की घोषणा

तेज प्रताप ने वैशाली जिले की महुआ सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है जो पहले उनकी विधानसभा सीट रह चुकी है। जानकार कहते हैं कि आरजेडी में उनके लिए असम्मानजनक बातें कही जाने लगी हैं, ऐसे में तेज प्रताप यादव की पीली टोपी और 'टीम तेज प्रताप यादव' का अलग झंडा इस बात का प्रतीक है कि वे आरजेडी में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव की छत्रछाया से बाहर निकलकर अपने समर्थकों के साथ एक नया मंच स्थापित करना चाहते हैं।




### चंद्रयान-3 की सफलता के बाद बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी

**नई दिल्ली, 27 जुलाई 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124 वें एपिसोड को संबोधित करते हुए देशवासियों को विज्ञान, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में हो रही उपलब्धियों पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में कई ऐसे कार्य हुए हैं जिन पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की वापसी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षित धरती पर वापसी ने पूरे देश को खुशी और गर्व से भर दिया। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि तेजी से बढ़ी है।

## कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स के लिए आईटीआर फाइलिंग में बड़ा बदलाव

#### » अब इस नए कोड के तहत दिखानी होगी कमाई

**नई दिल्ली,27 जुलाई 2025(ए)।** इस टैक्स सीजन में सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स के लिए रिटर्न दाखिल करने में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स की आय को अब एक स्पेशल कैटेगरी में रखा गया है। आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 (असेस्मेंट ईयर 2025-26) के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) यूटिलिटीज के अंतर्गत '16021' नाम से एक नया कोड पेश किया है, जो उन इन्फ्लुएंसर्स के लिए है जो प्रमोशन, प्रोडक्ट एंडोर्समेंट या डिजिटल कंटेंट क्रिएशन से कमाई करते हैं।इस कोड को आईटीआर-3 और आईटीआर-4 (सुगम) दोनों में 'प्रोफेशन' कैटेगरी के अंतर्गत एक्सेस किया जा सकता है।






## खेलते-खेलते पतीले में फंसा 3 साल के मासूम का सिर

#### 2 घंटे की मशक्कत के बाद कटर से काटकर बचाई गई जान

**मालकानगिरी,27 जुलाई 2025 (ए)।** ओडिशा के मालकानगिरी जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने कुछ देर के लिए एक परिवार की सांसें अटका दीं। यहां कोरुकोण्डा गांव में खेलते समय एक तीन वर्षीय बच्चे का सिर स्टील के एक बर्तन (पतीले) में बुरी तरह फंस गया। परिवार की तमाम कोशिशों के बाद जब सिर बाहर नहीं निकला तो दमकल विभाग की टीम ने मोर्चा संभाला और करीब दो घंटे के जटिल ऑपरेशन के बाद कटर से बर्तन काटकर बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला।

## सरकारी स्कूल का खाना खाने से छात्राओं की बिगड़ी तबियत

#### दस्त और उल्टी आने के बाद अस्पताल में भर्ती

**हैदराबाद,27 जुलाई 2025 (ए)।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में एक सरकारी बालिका आवासीय विद्यालय की 60 से अधिक छात्राओं को रात का खाना खाने के बाद उल्टी और अन्य लक्षणों की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनमें से 50 को बाद में छुट्टी दे दी गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि उय्यालवाड़ा स्थित आवासीय विद्यालय में शनिवार रात भोजन करने के बाद 64 छात्र बीमार पड़ गए और उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा उनकी हालत स्थिर है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि छात्रों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द के लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनमें से 50 को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



## महाराष्ट्र की सियासत में भूचाल



#### » 6 साल बाद -1 मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे

#### » उद्धव ने गले लगाकर किया स्वागत

***मुंबई*,27 जुलाई 2025 (ए)।** महाराष्ट्र की राजनीति में आज उस वक्त एक बड़ा सियासी भूचाल आ गया, जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे तमाम अटकलों को दरकिनार करते हुए करीब 6 साल बाद अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री' पहुंचे। मौका था उद्धव ठाकरे के जन्मदिन का,लेकिन इस एक मुलाकात ने राज्य के राजनीतिक समीकरणों में एक नई हलचल पैदा कर दी है। उद्धव ठाकरे ने भी सारी पुरानी बातें भुलाकर खुद गेट पर आकर राज ठाकरे का गर्मजोशी से गले लगाकर स्वागत किया।

## एचआईव्ही संक्रमित नाबालिग से बलात्कार

#### जबरन गर्भपात, आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**लातूर, 27 जुलाई 2025(ए)।** लातूर जिला कोर्ट ने शनिवार को एचआईव्ही पीड़ित नाबालिग लड़की से कथित बलात्कार के मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी शनिवार शाम को गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, महाराष्ट्र के धाराशिव जिले के ढोकी थाना पुलिस को शिकायत मिली थी कि लातूर के हासेगांव में स्थित एचआईव्ही पीड़ित बच्चों का सेवालय में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर दो साल तक बलात्कार किया गया। इसके अलावा उसे जबरन गर्भपात के लिए मजबूर किया गया।



## संपादकीय

# आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद,अलगाववाद व उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के उद्देश्यों पर अडिग रहने का आह्वान करते हुए कहा,भारत आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। वह बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने इन तीनों चुनौतियों के अक्सर साथ आने की बात भी की। आतंकियों,प्रायोजकों,आयोजकों व वित्त पोषकों को जवाबदेह बनाने तथा न्याय के कठघरे में लाने की जरूरत पर भी बल दिया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बल दिया कि अशांत और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर संगठन को कुशलतापूर्वक कार्य करना होगा। शी ने क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता की रक्षा व सदस्य देशों के विकास की बात भी की। इस सम्मेलन में दस अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के अतिरिक्त बीस से ज्यादा देशों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के भाग लेने की भी चर्चा थी। मोदी इसमें शामिल होते हैं तो इसे गलवान गतिरोध के बाद भारत-चीन संबंधों में संभावित परस्परता,संबंधों में सुधार व कूटनीतिक नरमी के संकेत के रूप में लिया जा सकता है। 2023 में मोदी ने इस सम्मेलन में वचरुली शिरकत की थी जबकि बीते वर्ष उनकी अनुपस्थिति को घटते सामरिक महत्व से जोड़ कर देखा गया। हालांकि रूस कभी नहीं चाहता कि ऐसा कोई भी संगठन चीन के प्रभुत्व वाला मंच बन जाए। इसमें पाकिस्तानी, रूसी व ईरानी विदेश मंत्री के भी शामिल होने की संभावनाएं हैं। यह भारत,चीन,पाकिस्तान,कजाकिस्तान,किर्गिस्तान,ताजकिस्तान, उज्बेकिस्तान,ईरान व बेलारूस का प्रभावशाली आर्थिक व सुरक्षा समूह है।अमेरिका से सीधा दो-दो हाथ करने वाले शी ने परोक्ष रूप से उस पर कटाक्ष करते हुए बहुध्रुवीय को बढ़ावा देने व उसकी धौंस का विरोध करने के लिए संयुक्त प्रयासों का भी आह्वान किया। बेशक,भू-राजनीतिक परिदृश्य में आ रहे बदलावों को देखते हुए रूस व चीन दुनिया के समक्ष अपनी ताकत का मुजाहिरा करने को बेताब हैं। एशिया के सभी प्रमुख देशों को अपनी प्राथमिकताओं का ख्याल रखते हुए आतंकवाद से जूझना है।अमेरिका विरोधी रुखखासकर पश्चिमी देशों को सीधा टक्कर देने वाला रुख भारत का कभी नहीं रहा है। भारत आतंकवाद से निपटने को चुनौती के तौर पर देख रहा है, मगर वह अपनी वैंकि छवि व कूटनीतिक चुनौतियों पर आंच नहीं आने देना चाहेगा।

**विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस 28 जुलाई पर विशेष**

# आखिर कब समझेंगे हम प्रकृति की मूक भाषा?



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं,उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है। प्राकृतिक साधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है,जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है।

प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल,जंगल,वन्य जीव और वनस्पति,इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं,उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे,आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने



हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं। छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पैट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्त्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं। हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड,नाइट्रोजन,ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं,इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात् उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें।

जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें। प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें। बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें। आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की ही व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकी करण और औद्योगिकी करण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है। कितना ही अच्छा हो, अगर हम सब प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेते हुए अपने-अपने स्तर पर उस पर ईमानदारी से अमल भी करें। प्रकृति बार-बार अपनी मूक भाषा में चेतावनियां देकर हमें सचेत करती रही है, इसलिए स्वच्छ और बेहतर पर्यावरण के लिए जरूरी है कि हम प्रकृति की इस मूक भाषा को समझें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना-अपना योगदान दें।

प्रकाशनः दैनिक घटती-घटना

# भारत डॉक्टरों और नर्सों का निर्यात कर रहा है जबकि देश को उनकी भी जरूरत है



**विजय गर्ग**
चांद मलोट
पंजाब

देशों में स्वास्थ्य कार्यबल की मांग और आपूर्ति एक कठिन समस्या है,अधिकांश देशों में पर्याप्त ओईसीडी देशों में काम करते हैं, और अनुमानित 640,000 भारतीय नर्स विदेश में काम करती हैं। फिलीपींस एक और उदाहरण है - देश नर्सों और अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों के बड़े पैमाने पर निर्यात के लिए प्रसिद्ध है। 193,000 से अधिक फिलीपींस-प्रशिक्षित नर्स विदेश में काम करती हैं,जो दुनिया भर में सभी फिलिपिनो नर्सों का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा हैं।

अर्थशास्त्र और भूराजनीति पुश और पुल कारकों के संयोजन के माध्यम से इस तरह के प्रवास की सीमा और प्रकृति को प्रभावित करते हैं। सीमित कैरियर विकास और कम मजदूरी प्रमुख आर्थिक धक्का कारक हैं। स्त्रोत देश में है,अंतरराष्ट्रीय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के प्रवास का लाभ उठाता है,प्रेषण और निवेश के माध्यम से आर्थिक लाभ को बढ़ावा देता है,स्वास्थ्य क्षेत्रों में अपने वैश्विक प्रभाव को बढ़ाता है,और परिपत्र प्रवास और द्विपक्षीय सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों के माध्यम से मस्तिष्क नाली की चुनौतियों का प्रबंधन करता है। इसने पड़ोसी और अफ्रीकी देशों में चिकित्सा पेशेवरों को तैनात करके कोविद महामारी के दौरान चिकित्सा कूटनीति को बढ़ाया। अब जरूरत है कि अधिक व्यापक बातचीत करने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाए। और लागू



संख्या में डॉक्टरों और नर्सों की कमी है और 2030 तक 18 मिलियन स्वास्थ्य श्रमिकों की अनुमानित वैश्विक कमी है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता देशों में प्रवास करते हैं, प्रवाह आमतौर पर ग्लोबल साउथ के देशों से उत्तर में रहने वालों के लिए होता है। जिन देशों से स्वास्थ्य पेशेवर पलायन करते हैं, वे भी आंतरिक आपूर्ति की कमी का सामना करते हैं। उदाहरण के लिए,श्रीलंका व्यापक परित्याग का गवाह है,जिसे अन्य देशों के पेशेवरों को प्राप्त करके (आंशिक रूप से) संबोधित किया जाता है। अनुमानित 10-12 प्रतिशत विदेशी प्रशिक्षित डॉक्टर और नर्स उन देशों से आते हैं, जिन्हें स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के लिए जाना जाता है। ओईसीडी डेटा अनुमान बताते हैं कि 2009 से 2019 के बीच, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन में 25 प्रतिशत से 32 प्रतिशत डॉक्टर और अमेरिका दक्षिण एशिया और अफ्रीका के मेडिकल ग्रेजुएट थे।

भारतीय डॉक्टर, नर्स और अन्य स्वास्थ्य पेशेवर दुनिया भर के देशों में प्रवास करते हैं - लगभग 75,000 भारतीय प्रशिक्षित डॉक्टर राजनीतिक अस्थिरता और संघर्ष अक्सर राजनीतिक धक्का कारक होते हैं। व्यापार समझौते जो प्रवास को प्रोत्साहित करते हैं, स्वास्थ्य संकट जो स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को कुछ क्षेत्रों में खींचते हैं और अंतर्राष्ट्रीय भर्ती नीतियां सभी पुल कारक हैं, जो बदले में, स्त्रोत देशों में कमी में योगदान करते हैं। फिलीपींस और भारत जैसे देशों ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के निर्यात को प्रोत्साहित करने, उन्हें प्रेषण और आर्थिक लाभ के स्त्रोतों के रूप में देखने के लिए नीतियों को औपचारिक रूप दिया है। फिर भी, दोनों देशों में स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। प्रेषण और कौशल विकास के रूप में संभावित लाभ के बावजूद, पहले से ही कमी का सामना कर रहे देशों में कार्यबल क्षमता की हानि लाभ को बढ़ाती है। इसलिए, एक संतुलित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नीति प्रतिक्रिया है जो व्यक्ति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली और वैश्विक इक्विटी की जरूरतों पर केंद्रित है। राजनयिक लाभ के लिए क्रॉस-कंट्री माइग्रेशन का अक्सर लाभ उठाया जाता है। भारत, जिसे पहले से ही दुनिया की फार्मेसी के रूप में जाना जाता करने योग्य-स्त्रोत और गंतव्य देशों के बीच द्विपक्षीय समझौते,जिसमें संभावित रूप से मुआवजा तंत्र,चिकित्सा शिक्षा में लक्षित निवेश, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे, या प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शामिल हो सकते हैं, कुशल श्रमिकों के नुकसान की भरपाई करने के लिए। डब्ल्यूएचओ कोड इस तरह के समझौतों के पुनर्निर्माण में एक प्रारंभिक बिंदु है। जन्म दर में गिरावट के साथ बढ़ती आबादी बढ़ती मांगों और विकसित देशों में स्वास्थ्य पेशेवरों की तीव्र कमी का कारण बन रही है। भारत और अन्य देश स्वास्थ्य पेशेवरों की आपूर्ति करने की क्षमता रखते हैं। भारत बेहतर संस्थागत तंत्रों के माध्यम से लाभ को अधिकतम कर सकता है, जैसे कि कार्यबल गतिशीलता का प्रबंधन करने के लिए एक केंद्रीकृत एजेंसी की स्थापना। विदेशी रोजगार के समन्वय के लिए एजेंसियों की स्थापना के साथ केरल का अनुभव, शिकायतों का समाधान, और वापसी करने वालों का समर्थन राष्ट्रीय दृष्टिकोण को सूचित कर सकता है। तो क्या फिलीपींस के प्रवासी श्रमिकों के विभाग के अनुभव हो सकते हैं।

# कथावाचक श्री अनिरुध्दाचार्य के बयान पर राजनीतिक ड्रामा क्यों?



**हितेश्वर बर्मन 'चैतन्य बाबा'**
डंगनिया, सारंगढ़ (छत्तीसगढ़)



आज के कलयुग में सच बोलना और लिखना दोनों गुनाह हो गया है। श्री अनिरुध्दाचार्य जी ने मथुरा में कथा कहने के दौरान देश के भविष्य के बारे में चिंता करते हुए समसामयिक घटना पर एक टिप्पणी की। जिसे लेकर अवसरवादी व उनके विरोधियों को एक मौका मिल गया है,आचार्य जी के बातों को तोड़-मरोड़कर उस पर उंगली उठाने का।

आचार्य जी ने इंदौर हनीमून कपल मर्डर केस के बारे जिक्र करते हुए ऐसी घटनाएं लगातार क्यों हो रही है। इसके बारे में तर्क और आक्रोश जाहिर करते हुए उन्होंने यह बात कही कि आजकल 25 वर्ष की लड़की को लोग शादी करके घर लाते हैं। जिस कारण लड़की शादी से पहले 4 जगह मुँह मारकर आयी होती है। उन्होंने यह भी कहा था कि सभी लड़कियां नहीं परन्तु बहुत सी लड़कियां ऐसी होती हैं। अब इस बात पर लोगों ने बेवजह बहस करके अपनी नासमझी का परिचय देना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया में दर्शक बढ़ाने के लिए बिना तर्क किए लोग आचार्य जी के बयान को तोड़-मरोड़कर कर पेश कर रहे हैं।

जबकि सभी लोग यह जानते हैं, कि देश के लगभग 85 प्रतिशत से अधिक महिलाओं का ठीक वैसा ही हाल है। जैसा की महाराज जी ने अपने बयान में कहा था। भले ही न्यूज चैनल वाले और कुछ चंद लोग इस बात पर नाराजगी जता रहे हैं और महाराज जी को माफ़ी मांगने के लिए कह रहें हैं। परन्तु सोशल मीडिया के कमेंट को पढ़ने पर सच्चाई की पता चल रही है, जहाँ 95 प्रतिशत लोगों ने आचार्य जी की बातों का समर्थन किया है। इस बात से कोई भी इंकार नहीं कर सकता है कि,आजकल महिलाओं को भी पुरुषों के समान आजादी है। वह भी स्वच्छंद पढ़ने-लिखने तथा रोजगार करने लिए स्वतंत्र हैं। जिस कारण वर्तमान में युवक-युवती के मध्य आपसी संपर्क होने के बहुत ही ज्यादा अवसर मिलते हैं। महिलाओं की स्वतंत्रता सकारात्मक परिवर्तन के बजाय नकारात्मक परिवर्तन की ओर ज्यादा बढ़ रही है। इसके लिए मुख्य रूप से हमारे देश की कानून व्यवस्था जिम्मेदार है,क्योंकि महिलाओं को एक-तरफा कानूनी अधिकार मिला है। जिसका वर्तमान में बहुत ही ज्यादा दुरुपयोग किया जा रहा है। जिससे शादी को लेकर पुरुषों के मन में भय का माहौल है। लोग शादी करने से डरने लगे हैं, क्योंकि शादी करने के बाद एक-तरफा महिला कानून की वजह से बहुत सारे मर्दों की जिंदगी तबाह हो रही है।

इसलिए आजकल लोग शादी करने के बजाय लिव इन रिलेशन में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। क्योंकि आजकल समाज के सामने किसी को अपनाना गुनाह हो गया है। बल्कि चोरी-छिपे किसी के साथ शारीरिक-संबंध बनाने को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। (इस बात की पुष्टि इस तरह होती है कि वर्तमान में प्रेमी और पत्नी मिलकर पति की हत्या कर दे रहें हैं।)

यह बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि जो मामले समाज के सामने उजागर हुई हो, केवल उतने ही संख्या में घटना घटित हुआ हो। क्योंकि सभी मामले समाज में उजागर नहीं हो पाते हैं। कुछ लोग पैसे की लालच, पारिवारिक दबाव, डर इत्यादि कारणों से मामले को दबा देते हैं। जब सैंकड़ो अवैध-संबंध पर पर्दा डलता है, तब जाकर किसी एक अवैध-संबंध के मामले कोर्ट तक पहुँचता है। (इस बात की पुष्टि इस तरह होती है कि आजकल कोर्ट में अक्सर यह मामले सामने आते हैं, कि शादी करने का झांसा देकर लगातार 7-8 वर्षों तक महिला का शोषण किया गया। अब यदि जो महिला इस बात को 7-8 वर्षों तक अपने माँ-बाप और समाज से छुपा सकती है। तो वह इस मामले को किसी लालच में आकर समझौता करके दबा भी तो सकती है। लोगों को उसके अवैध-संबंध के बारे में 7-8 वर्षों तक पता नहीं था। जब मामला कोर्ट में सामने आयी तब लोगों को पता चला।)

यही हमारे कानून व्यवस्था की विडंबना है,कि 7-8 वर्षों तक जो लड़की किसी के साथ शारीरिक-संबंध बनाती है। उसके नाम और चेहरे को मीडिया में छुपाया जाता है। जिस कारण वह लड़की किसी दूसरे पुरुष से आसानी से विवाह कर लेती है। यही कारण है कि लड़की अवैध-संबंध बनाने से बिल्कुल भी नहीं डरती है। क्योंकि न तो उसको समाज से खौफ है और न ही कानून से। महिलाओं को एक-तरफा कानून ने बेलगाम कर दिया है, जो एक सभ्य समाज के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है।

इसलिए जिन लोगों में सच को बोलने व लिखने की क्षमता नहीं है, कम से वे लोग जो सत्य बोलने की क्षमता रखता हो, उसका विरोध औरों के देखा-देखी बिल्कुल भी न करें। आचार्य जी की बातों पर विवाद करने के बजाय इस बात पर चिंता करें कि आजकल महिलाओं का चरित्र व व्यवहार दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। यदि हमारे समाज में ऐसी घटनाएं होती ही नहीं, तो महाराज जी भला ऐसे बयानबाज़ी क्यों करते? एक कथावाचक का यह कर्तव्य है, कि वह हमाज के भविष्य व हित के लिए सोचें।

अतः श्री अनिरुध्दाचार्य जी ने जो कहा वो बिल्कुल उचित है, इस पर बेवजह बहसबाजी करना गलत बात है। क्योंकि जब तक महिला शब्द के शुरू में में सभी शब्द का प्रयोग न किया गया हो,तब तक कोई भी टिप्पणी सभी महिलाओं के लिए बिल्कुल भी नहीं है। यदि किसी के नाम को बारी-बारी से लेकर उस पर टिप्पणी किया जाये, तो एक ही बात को कहने में पूरा दिन निकल जायेगा। वो भी किसी ऐसी घटना पर जो कि बार-बार घटित हो रही हो। इसलिए विशेष परिस्थिति में जब तक जातिवाचक संज्ञा के शुरू में सभी शब्द का जिक्र न किया गया हो, तब तक उसका आशय पूरे जाति के लिए नहीं माना जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में जातिवाचक संज्ञा का बोध केवल उन्हीं लोगों के लिए है, जो लोग टिप्पणी किये गये घटना से संबंधित हो। क्योंकि किसी घटना पर व्यक्तिगत नाम लेकर कहने से कानून अनुसार निजता के अधिकार का उल्लंघन हो जाता है।

## कविता

### कविता
### भोले का साथ निभाएं ...

घटती-घटना



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी**
गांधीनगर,इंदौर
मध्यप्रदेश

कदम से कदम हम मिलाते चलें,
साथ भोले का यूं ही निभाते चलें,
ना भटकें कभी हम किसी पथ से,
जीवन के सफर में यूं बढ़ते चलें।
कदम से कदम ....
राह नेकी की हो और बदी से परे,
झूठ से भी कभी हम ना यूं ही डरें,
साथ पकड़ा है हमने भोले का जो,
पार वो ही लगाएंगे सोचा करें।
कदम से कदम ...
जो भी मन से करें वो अच्छा करें,
भोले की नजर में हो सच्चा करें,
मन भेद न बातों से कोई करें,
इन्सान हैं इन्सां-सी बातें करें।
कदम से कदम ....
जीता करता है मानव धरा पर वही,
जो प्यार और प्रेम की बातें करें,
सब भोले की भक्ति में सार छुपा,
कुछ तोड़े नहीं सब जोड़ा करें।
कदम से कदम .......
भोले ही जग के तारण हैं,
हर कठिन समस्या निवारण हैं,
जग भोले का जग के भोले,
मन का हर ताप हरें भोले।
कदम से कदम ....

# हिमालय की भौगोलिक संरचना को नजरअंदाज

हिमालय में बाढ़ और भूस्खलन के चलते पर्यटकों और यात्रियों को बार-बार रोकना पड़ रहा है। गांव में रहने वाले लोग भारी बारिश के चलते रातभर सो नहीं पाते हैं।ऐसी भी सैकड़ों बस्तियां हैं जिनके आसपास विकास के नाम पर चारागाह, जंगल, खेती,पुराने रास्ते,नहरें क्षतिग्रस्त हुए हैं और वहां से लोग भूस्खलन की डर से सुरक्षित स्थान की तरफ भाग जाते हैं। इस विषम परिस्थिति में गर्भवती महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक तकलीफ में हैं। पुराने समय में हिमालय के पर्वतीय अंचल में जब बरसात प्रारंभ होती थी तो लोग अपने मवेशियों को लेकर जंगल में घास के बीच में छानियां बनाकर निवास करते थे। जहां से वे दूध, घी, मक्खन बनाकर बेचते थे और उसके बदले उन्हें साल भर की राशन खरीदना होता था। तब उनके चारों ओर आज की जैसी आपदा की स्थिति नहीं थी और बारिश में लोगों को अपनी खेती-बाड़ी में बारहनाजा (एक ही खेत में 12 प्रकार की फसल) की फसलें तैयार होती दिखाई देती थी। हिमालय के नीचे मैदानी क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी बरसाती मौसम में नदियों में बहकर जाने वाली उपजाऊ मिट्टी, पानी को अच्छी फसल के संकेत मानते थे।अब वह पुराना समय चला गया है।

-सुरेश भाई-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

## बिजली करंट से निरीक्षक की मौत



-संवाददाता-
अंबिकापुर,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
थाना सीतापुर अंतर्गत ग्राम सुर में निरीक्षक राम साय पैंकरा की बिजली करंट लगने से मौत हो गई। घटना 27 जुलाई की है,जब वे अपने पुराने मकान में सीपेज की मरम्मत हेतु जरूरी सामान ढूंढने गए थे। पुराने घर में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। इसी दौरान उनका हाथ वहां लटक रहे खुले बिजली के तार से चिपक गया, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े। काफी देर तक नजर न आने पर उनकी पत्नी जब उन्हें खोजते हुए पुराने घर पहुंची, तो देखा कि तार उनके हाथ से चिपका हुआ है और उसमें से चिंगारी निकल रही है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उनकी पत्नी ने झाड़ू से तार को अलग किया,लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मौके पर ही निरीक्षक राम साय पैंकरा की मृत्यु हो गई थी। निरीक्षक राम साय जशपुर जिले के थाना नारायणपुर में प्रभारी के पद पर पदस्थ थे। घटना की सूचना पर थाना सीतापुर में मर्ग कायम किया गया है।

## नागपंचमी पर कुश्ती प्रतियोगिता 29 को

-संवाददाता-
अंबिकापुर,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
सरगजा कुश्ती संघ के तत्वावधान में नागपंचमी के अवसर पर 29 जुलाई को मल्टीपरपज स्कूल में दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। संघ की ओर से सरगुजा केसरी विजेता को 11 हजार, उप विजेता को 51 सौ व सरगुजा कुमार विजेता को 51 सौ, उप विजेता को 31 सौ रुपए नकद इनाम दिया जाएगा।

## खाट पर सोई महिला को सांप ने काटा,मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर में शनिवार की रात खाट पर सो रही महिला को सांप ने डस लिया। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। यहां जांच के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मान कुंवर पति नइहर साय यादव उम्र 55 वर्ष शनिवार की रात को खाट पर सोई थी। रात करीब 2.30 बजे उसे कुछ काटने का एहसास होने पर इसकी जानकारी परिजन को दी। परिजन ने देखा तो खाट के समीप सांप था। परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पतल रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# व्यापमं आबकारी आरक्षक परीक्षा में अव्यवस्था

# समय पर पहुंचे कई अभ्यर्थी हुए परीक्षा से वंचित...





-संवाददाता-
अंबिकापुर,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा (एबीए25) रविवार को जिले के 38 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। हालांकि यह परीक्षा सख्त सुरक्षा व्यवस्था और गाइडलाइंस के साथ आयोजित की गई थी, फिर भी कई अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्रों में समय से पूर्व गेट बंद कर दिए जाने से कई परीक्षार्थी,जो नियत समय से पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच चुके थे,अंदर प्रवेश नहीं पा सके और परीक्षा से वंचित हो गए। इस घटना को लेकर परीक्षार्थियों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापमं द्वारा आयोजित इस परीक्षा में कुल 15,819 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से केवल 12,625 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हो सके। शेष 3,194 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की गई थी। इसके लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कई अभ्यर्थी दूर-दराज के इलाकों से परीक्षा देने अंबिकापुर पहुंचे थे। परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए व्यापमं द्वारा सख्त गाइडलाइंस जारी की गई थीं। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्टवॉच,ईयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। परीक्षा केंद्रों पर फ्रिस्किंग (शारीरिक जांच) की व्यवस्था की गई थी। केंद्र के आसपास नेटवर्क डाउन कर दिया गया था। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल के अलावा उड़नदस्ता दल भी तैनात किए गए थे,जो परीक्षा केंद्रों के बाहर लगातार निगरानी कर रहे थे। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुबह 10.45 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना था। लेकिन कई केंद्रों पर 10.30 बजे ही गेट बंद कर दिए गए,जिससे दर्जनों परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पाया। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे केंद्र पर 10.30 बजे से पहले ही पहुंच गए थे, लेकिन फिर भी उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। कई अभ्यर्थियों ने केंद्र प्रबंधन से निवेदन भी किया,पर किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। कुछ केंद्रों पर अभ्यर्थियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच तीखी बहस भी हुई।

### 40 से अधिक परीक्षार्थी रह गए वंचित

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में लगभग 600 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन केवल 485 ही उपस्थित हो सके। इस केंद्र पर करीब 40 ऐसे परीक्षार्थी थे, जिन्होंने समय पर पहुंचने के बावजूद भी परीक्षा में भाग नहीं ले पाए। परीक्षार्थियों ने बताया कि 10.30 बजे गेट बंद कर दिया गया था, जबकि निर्देशानुसार प्रवेश का अंतिम समय 10.45 बजे तक था। परीक्षा से वंचित अभ्यर्थियों ने प्रशासन पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाया है।

### ड्रेस कोड बना परेशानी का कारण

व्यापमं द्वारा जारी ड्रेस कोड के अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना अनिवार्य किया गया था। साथ ही केवल साधारण चप्पल पहनने की अनुमति थी। अभ्यर्थियों को कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनने की मनाही थी। बावजूद इसके कई परीक्षार्थी फुल-स्लीव कपड़े पहनकर परीक्षा केंद्र पहुंचे, जिन्हें नियमों का हवाला देकर परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया। कईयों को परीक्षा केंद्र से वापस लौटना पड़ा।



**अभ्यर्थियों ने की परीक्षा दोबारा कराने की मांग :** परीक्षा से वंचित हुए कई अभ्यर्थियों ने जिला प्रशासन और व्यापमं से मांग की है कि उन केंद्रों की जांच कराई जाए जहां समय से पहले गेट बंद कर दिए गए और नियमानुसार पहुंचे अभ्यर्थियों को अंदर नहीं जाने दिया गया। साथ ही इन छात्रों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित करने की मांग की जा रही है। कुछ परीक्षार्थियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपनी नाराजगी जाहिर की है।

### मोदी जी की 'मन की बात' में सांस्कृतिक,वैज्ञानिक और सामाजिक मूल्यों का संदेश

# भिट्ठी कला में जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया और पदाधिकारियों ने ग्रामीणों संग सुनी 'मन की बात'






-संवाददाता-
अंबिकापुर,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात की 124वीं कड़ी को आज भाजपा सरगुजा द्वारा विभिन्न मंडलों और बूथों में श्रवण किया गया। अंबिकापुर ग्रामीण मंडल अंतर्गत ग्राम भिट्ठी कला में इसका आयोजन विशेष रूप से किया गया,जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया,जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष,जिला मंत्री विकास पांडेय, मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह एवं युवा मोर्चा महामंत्री अंशुल श्रीवास्तव शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने अनेक ऐतिहासिक,सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और पर्यावरणीय विषयों को छूते हुए अपने विचार साझा किए। उन्होंने सुधांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन को बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरक बताया, स्पेस स्टार्टअप्स के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया,इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में भारत की उपलब्धियों की सराहना की और आगामी एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्स ओलंपियाड पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने महाराष्ट्र व तमिलनाडु के 12 मराठा किलों को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट के रूप में मिली मान्यता का उल्लेख किया और महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस, बाल गंगाधर तिलक, भारत छोड़ो आंदोलन,स्वतंत्रता दिवस और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के बहाने अगस्त माह को क्रांति का महीना बताया। साथ ही, नेशनल हैंडलूम दिवस, उड़ीसा के क्योंझर जिले में राधा-कृष्ण संकीर्तन समिति द्वारा सामाजिक जागरूकता के प्रयास,तमिलनाडु के मणिपारण द्वारा प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में 40 से अधिक पक्षी प्रजातियों की पहचान, और मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से गरीबों की समृद्धि जैसे विषयों को रेखांकित किया।

कार्यक्रम पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का प्रत्येक 'मन की बात' कार्यक्रम कोई न कोई गहरा संदेश लेकर आता है। आज की कड़ी से यह स्पष्ट हुआ कि भाजपा सरकार गरीबों को सशक्त करने,उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनाने हेतु सतत कार्य कर रही है। मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि हर महीने के अंतिम रविवार को मन की बात अवश्य सुनें और प्रधानमंत्री के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम का संचालन संजय राजवाड़े, तथा आभार प्रदर्शनकर्ता जय सिंह ने किया । इस आयोजन में सागर विश्वकर्मा, सरपंच जुगमनिया देवी, डोमन राजवाड़े, राजू सिंह, रवि गुप्ता, सुखचंद, आदित्य सिंह, पुरनचंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस कार्यक्रम से प्रेरणा ली।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्राम माजा और नवापारा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

-संवाददाता-
लखनपुर,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबिकापुर के द्वारा सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के जनजातीय ग्राम मांजा और नावापारा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में मुख्य रूप से जिला मुख्य न्यायाधीश गिरिवर सिंह राजपूत एवं नीरज फैलिक्स लकड़ा सहित लखनपुर थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश गिरिवर राजपूत द्वारा कानूनी अधिकारों और कानूनी सहायता के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कई बार ग्रामीण जानकारी के अभाव में कई तरह की गलतियां कर बैठते हैं उन्हें सावधानी बरतने की आवश्यकता है। 13 सितंबर को लोक अदालत का आयोजन किया गया है जिसमें छोटे छोटे मामलों का निपटारा किया जाएगा। इस शिविर में जमीन मामले सड़क दुर्घटना लड़ाई झगड़े



संबंधित मामले का निपटारा तत्काल किया जाएगा । ग्रामीण जानकारी के अभाव में जमीन की लड़ाई में अनावश्यक पैसे बर्बाद करते हैं तथा वाहनों से हुए एक्सीडेंट में अभी तक जिनका प्रकरण चल रहा है उन सभी का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा । थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से कोई अनजान व्यक्ति का फोन आता है उसे अपनी जानकारी साझा न करें वो आपके आधारकार्ड,बैंक पासबुक का गलत तरीके से उपयोग करते हैंऔर ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी का शिकार होते हैं। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें नहीं तो जुर्माना के साथ अभिभावकों के ऊपर कार्यवाही भी हो सकती है । महुआ शराब न बनाएं शराब से ही अधिक प्रकरण और घटनाएं होती हैं। जिसके चलते बाद में कानून के दायरे में आने के बाद अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है।

## 31 जुलाई को आयोजित होगी शिक्षकीय समीक्षा बैठक,सभी बीईओ,प्राचार्यों की उपस्थिति अनिवार्य

### परीक्षा परिणाम, शिक्षा गुणवत्ता और नवाचारों पर होगी समीक्षा



-संवाददाता-
अंबिकापुर,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देशानुसार जिले के शैक्षणिक वातावरण को सशक्त बनाने एवं विद्यालयी व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु 31 जुलाई 2025 को प्रातः 11:00 बजे से बैठक का आयोजित की जाएगी। यह बैठक राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में संपन्न होगी। बैठक में जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं शासकीय हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी/सेजस विद्यालयों के प्रधान पाठक शामिल होंगे। यह उपस्थिति अनिवार्य रूप से निर्धारित की गई है।

**बैठक में प्रमुख रूप से विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा :** बैठक में कक्षा 10 वीं व 12 वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम 2025 की समीक्षा, परीक्षा परिणाम सुधार के लिए विद्यालयों द्वारा की गई कार्य योजनाओं की प्रस्तुति,प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु,योजना,शिक्षक-विद्यार्थियों की उपस्थिति स्थिति, गणवेश वितरण व शैक्षणिक सामग्री की अद्यतन स्थिति,इंस्पायर अवार्ड हेतु प्रस्तावों का पंजीयन, शिक्षक बैठक एवं पालक शिक्षक बैठक पीटीएम के आयोजन के मुद्दे होंगे शामिल।

### एसएमसी/एसएमडीसी गठन व संचालन की स्थिति

नामांकन पोर्टल व मोबाइल एप डेटा एंट्री की जानकारी,आंतरिक निगरानी समिति की गठन स्थिति,नवाचारों व विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता मिशन की प्रगति,नई शिक्षा नीति की जानकारी व क्रियान्वयन, विद्यालयों में यूथ क्लब/ईको क्लब संचालन बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक हेतु विद्यार्थियों की पात्रता, स्थानीय विषयों को पाठ्यक्रम से जोड़ने संबंधी सुझाव एवं विषयों पर समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी व प्रधानपाठक स्वयं उपस्थित रहें,प्रतिनिधि मान्य नहीं होंगे।

# सेवा किटी समूह ने अभियान चलाकर जरूरतमंदों को बांटे छाते





-संवाददाता-
अंबिकापुर,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
शहर की सामाजिक संस्था सेवा किटी समूह द्वारा एक और सराहनीय पहल के अंतर्गत बीते तीन दिनों से जरूरतमंदों को छाते वितरित किए जा रहे हैं। यह अभियान विशेष रूप से उन लोगों को ध्यान में रखकर चलाया गया,जो सडक़ों पर छोटे-छोटे व्यवसाय करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं और मौसम की मार झेलने को मजबूर हैं। सेवा किटी समूह की संस्थापिका वन्दना दत्ता के नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान लगातार बारिश और धूप से परेशान लोगों के लिए राहत का कारण बना। संस्था की सदस्याओं ने गुदरी बाजार, प्रतापपुर नाका,आकाशवाणी चौक, घड़ी चौक सहित कई क्षेत्रों में घूम-घूमकर छाते वितरित किए। इस दौरान विशेष ध्यान रखा गया कि छाता केवल उन्हीं व्यक्तियों को दिया जाए जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है। छाता प्राप्त करने वालों में से कई ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए बताया कि उनके पास छाता नहीं था,या जो था वह टूट चुका था। एक महिला ने बताया कि वह छाता पड़ोसी से मांग कर लाई थी और उसे जल्द वापस करना पड़ेगा। ऐसे में सेवा किटी समूह की यह पहल उनके लिए बहुत उपयोगी साबित हुई। इस अभियान में वन्दना दत्ता के साथ नीलिमा गोयल,संजीता स्वर्णकार,मधु चौधरी,ज्योति द्विवेदी,नीलिमा मिश्रा,पूनम जायसवाल,नमिता चावला,श्रद्धा खेरपांडे,अंजना परिहार और सुनंदा साहू जैसे समर्पित सदस्यों ने दिन-रात मेहनत की। सेवा किटी समूह की सदस्याएं न सिर्फ सामाजिक सेवा में सक्रिय हैं,बल्कि वे समय-समय पर वस्त्र वितरण,भोजन वितरण,शिक्षा सहायता, और अन्य मानवीय कार्यों में भी भागीदारी करती रही हैं। छाता वितरण अभियान इस बात का प्रमाण है कि यह समूह समाज के उन वर्गों की मदद को प्राथमिकता देता है जिन्हें सबसे अधिक सहायता की आवश्यकता होती है। समूह की ओर से बताया गया कि आगे भी इसी तरह के सेवा कार्य जारी रहेंगे। इस प्रयास की हर ओर प्रशंसा हो रही है। ऐसे समय में जब अधिकांश लोग अपने काम में व्यस्त रहते हैं, सेवा किटी समूह की बहनों ने ज़मीनी स्तर पर समाज सेवा कर एक सच्ची मानवता की मिसाल पेश की है।

## बिजली विभाग का जूनियर इंजीनियर रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित,वीडियो हुआ था वायरल

-संवाददाता-
बलरामपुर,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
बिजली कनेक्शन के लिए रिश्वत लेते लेने के आरोप में एक जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है। रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बिजली विभाग ने यह कार्रवाई की है। बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित विद्युत विभाग में जीई शांतनु वर्धन को ग्राम पंचायत भेंडरी में उपभोक्ता से पैसे लेते हुए कैमरे में कैद किया गया। वीडियो में जीई शांतनु वर्धन न केवल पैसे गिनते नजर आ रहे हैं, बल्कि वह कहते भी सुनाई दे रहे हैं किमेरे साथ जो आदमी बैठा है,उसे भी कुछ दे दीजिएगा। यह वीडियो उस ग्रामीण ने अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया, जिसने खुद पैसे दिए थे। वीडियो वायरल होने के साथ पीड़ित ने यह मामला बलरामपुर कलेक्टर के जनदर्शन में शिकायत के साथ पेश किया। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जीई को निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है, जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



CMYK

# कांगो में चर्च पर इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोहियों का हमला,21 लोगों की मौत

**किंसासा,27 जुलाई 2025।** पूर्वी कांगो में एक चर्च परिसर पर रविवार को इस्लामिक स्टेट (आईएस) समर्थित विद्रोहियों ने हमला कर दिया। इसमें 21 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय कार्यकर्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हमला पूर्वी कांगो के कोमांडा क्षेत्र में तड़के करीब एक बजे हुआ। हमला कैथोलिक चर्च के परिसर में किया गया। हमलावर एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स (एडीएफ) के सदस्य थे। इस हमले में कई घर और दुकानें भी जला दी गईं।

कोमांडा में नागरिक समाज समन्वयक डियूदोने द्रुांथाबो ने बताया,21 से ज्यादा लोगों को परिसर के अंदर और बाहर गोली मार दी गई।

अब तक तीन जले हुए शव मिले हैं और कई घरों में आग लगा दी गई। लेकिन तलाशी अभियान अभी जारी है। कांगो की सेना के इतूरी प्रांत के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जूल्स नगोंगो ने इस हमले की पुष्टि की। उन्होंने कहा, जो जानकारी हमें सुबह मिली है, उसके मुताबिक कुछ हथियारबंद लोग कोमांडा के पास एक चर्च में घुसे और उन्होंने वहां करीब 10 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इसके अलावा कुछ दुकानों को आग लगा दी गई। द्रुांथाबो ने कहा, हम बेहद निराश हैं। यह अविश्वसनीय है कि ऐसा हमला उस कस्बे में हुआ,जहां सभी सुरक्षा अधिकारी मौजूद थे। अब कुछ लोग इस क्षेत्र से भागने लगे हैं और बुनिया की ओर जा रहे हैं। उन्होंने कहा,हम तत्काल सैन्य कार्रवाई की मांग करते हैं,क्योंकि हमें बताया गया है कि दुश्मन अब भी हमारे शहर के पास ही हैं।



### युगांडा और कांगो की सीमा के आसपास सक्रिय है एडीएफ

एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स एक विद्रोही समूह है, जिसका इस्लामिक स्टेट से संबंध है। यह समूह युगांडा और कांगो की सीमा के आसपास सक्रिय रहता है और अक्सर आम नागरिकों पर हमले करता है। इस महीने की शुरुआत में भी इसी समूह ने इतूरी प्रांत में दर्जनों लोगों की हत्या कर दी थी। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने उस घटना को खून की होली बताया था।

### एडीएफ अब तक कर चुका हजारों नागरिकों की हत्या

एडीएफ की स्थापना 1990 के दशक के अंत में युगांडा में हुई थी। उस समय यह कुछ छोटे समूहों का गठबंधन था जो युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसवेनी से असंतुष्ट थे। 2002 में युगांडा की सेना की कार्रवाई के बाद यह समूह कांगो की सीमा में चला गया और तबसे यह हजारों नागरिकों की हत्याएं कर चुका है।

### पूर्वी अफ्रीका में इस्लामी शासन स्थापित करना चाहता है संगठन

2019 में इस समूह ने इस्लामिक स्टेट के प्रति अपनी निष्ठा घोषित कर दी थी। एडीएफ का नेतृत्व पूर्वी अफ्रीका में एक इस्लामी शासन की कल्पना करता है। कांगो की सेना इस विद्रोही समूह से लंबे समय से लड़ती आ रही है और अब वह रवांडा समर्थित एम23 विद्रोहियों के साथ फिर से शुरू हुई हिंसा के बीच दोहरी चुनौती का सामना कर रही है।

# ईरान ने मुजाहिदीन-ए-खल्क संगठन के दो सदस्यों को दी फांसी

**तेहरान,27 जुलाई 2025।** ईरान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां ईरान सरकार ने रविवार को सार्वजनिक और नागरिक स्थलों पर हमले करने के आरोप में विपक्षी संगठन मुजाहिदीन-ए-खल्क (एमईके) के दो सदस्यों बेहरूज एहसानी इस्लामलू और महदी हसानी को फांसी दे दी है। सरकार का आरोप है कि इन दोनों ने देश के आत्मिक मोर्टार लॉन्चर लेकर सरकारी भवन, स्कूल, आवासीय इलाकों पर हमला करने का दोषी पाया गया। ईरान की न्यायपालिका की आधिकारिक वेबसाइट मिजान ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार,एहसानी 1980 के दशक से इस संगठन से जुड़ा था और एक बार जेल भी जा चुका था। जेल से रिहा होने के बाद उसने फिर से संगठन के लिए काम करना शुरू किया। उसे उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह तुर्की की सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। उसके पास से हथियार, गोला-बारूद,बम बनाने की सामग्री और अपनी पहचान छिपाने के उपकरण मिले थे।

### विदेश से मिली थी साजिश की जिम्मेदारी

वहीं सरकारी मीडिया का दावा है कि एहसानी को अल्बानिया में बैठे संगठन के नेताओं ने ईरान भेजा था, ताकि वह देश के अंदर आतंक फैलाने के लिए गुप्त नेटवर्क बना सके। वह सरकारी और आम लोगों को निशाना बनाने के लिए लोगों को ट्रेनिंग भी दे रहा था।



बता दें कि इन दोनों लोगों पर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने,गुप्त जानकारी जुटाने और वीडियो रिकॉर्ड करके उन्हें संगठन के मीडिया चैनलों को भेजने के भी आरोप लगे। उन्हें राज्य से युद्ध,षड्यंत्र, आतंकवादी संगठन की सदस्यता और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर मामलों में दोषी ठहराया गया। गौरतलब है कि मुजाहिदीन-ए-खल्क (एमईके) कभी ईरान की शाही सरकार के खिलाफ था और 1979 की इस्लामी क्रांति का समर्थन करता था। लेकिन बाद में इसका झुकाव क्रांति के नेता अयातुल्ला खोमैनी के खिलाफ हो गया। 1980 के दशक में इस संगठन ने ईरान में कई बम धमाके और हत्याएं की थीं और इराक के सद्दाम हुसैन का समर्थन किया था, जिससे आज भी ईरान में लोग इस संगठन से नाराज हैं।

# रूस-यूक्रेन में ड्रोन हमले,पांच लोगों की मौत रूस ने 200 ड्रोन और 30 मिसाइलें दागीं

**नई दिल्ली,27 जुलाई 2025।** रूस और यूक्रेन ने शनिवार रात एक-दूसरे पर ड्रोन हमले किए। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूस ने 200 से अधिक ड्रोन और 30 मिसाइलों से हमला किया। जिनमें से ज्यादातर हमले ड्नीप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में हुए, जहां तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, रूस में यूक्रेन के ड्रोन हमले के बाद एक कार में आग लगने से दो लोगों की मौत हुई। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब रूस ने दावा किया है कि उसने यूक्रेन के पूर्व में दो गांवों पर कब्जा कर लिया है। दूसरी ओर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि सेना सुमी क्षेत्र से रूसी सेना को धीरे-धीरे बाहर खदेड़ रही हैं। जेलेंस्की ने बताया कि सूमी में किंद्रातिव्का गांव को रूसी कब्जे से मुक्त करा लिया गया। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी हमलों ने खार्किव और सुमी को भी निशाना बनाया गया था, जिसका जवाब देना जरूरी है।



# भूखमरी से जूझते गाजा के लिए इस्राइली सेना ने 3 इलाकों में फायरिंग रोकने का किया ऐलान

**गाजा पट्टी,27 जुलाई 2025।** गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति के बीच इस्राइली सेना ने रविवार को घोषणा की कि वह गाजा के तीन प्रमुख इलाकों में सामरिक विराम (टैक्टिकल पॉज) लागू करेगी। इस कदम का उद्देश्य इलाके में तेजी से फैल रही भूख और मानवीय संकट को कुछ हद तक कम करना है। इस्राइली सेना ने रविवार को घोषणा की कि वह गाजा के तीन प्रमुख इलाकों गाजा सिटी, दैर अल-बलाह और मुवासी में हर दिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक युद्धविराम लागू करेगी। यह कदम गाजा में बढ़ती भुखमरी की स्थिति को देखते हुए मानवीय राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। यह रोक अगली सूचना तक लागू रहेगी। इन इलाकों को इसलिए चुना गया है क्योंकि यहां राहत सामग्री पहुंचाने में लगातार दिक्कतें आ रही थीं और आबादी तेजी से खाद्य संकट से जूझ रही है। इस दौरान सहायता एजेंसियों को सुरक्षित मार्गों से भोजन और अन्य राहत सामग्री पहुंचाने की अनुमति दी जाएगी। इस्राइली सेना ने रविवार को ग़ज़ा में सहायता सामग्री के हवाई वितरण की भी पुष्टि की, जिसमें आटा, चीनी और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री शामिल थी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र और खाद्य विशेषज्ञ पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि गाजा में अकाल की स्थिति पैदा हो सकती है। इस्राइल का आरोप है कि हमास राहत सामग्री का दुरुपयोग करता है, हालांकि उसने इसका कोई पुख्ता सबूत नहीं दिया है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने इन दावों को खारिज करते हुए अपनी वितरण प्रणाली को भरोसेमंद बताया है।



**राहत सामग्री के लिए बनाए जाएंगे सुरक्षित रास्ते :** इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा कि वह अब इन इलाकों में सुरक्षित मार्ग तय करेगी ताकि राहत एजेंसियां भोजन और अन्य जरूरी सामान जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा सकें। सेना का कहना है कि इससे विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफआई), रेड क्रॉस और अन्य एजेंसियों की मदद आसान होगी। मई के बाद से इस्राइल ने 4,500 ट्रकों को गाजा में प्रवेश की अनुमति दी, लेकिन संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि उसे प्रतिदिन 500 से 600 ट्रकों की आवश्यकता है। भीड़ और गैंगों के कारण अधिकांश सहायता लूट ली जाती है।

### भूख के साथ सुरक्षा भी बनी चुनौती

राहत एजेंसियों का कहना है कि भोजन पहुंचाने के लिए केवल फायरिंग रोकना काफी नहीं है। गाजा के अंदर कई जगहों पर सुरक्षा की स्थिति अस्थिर है, जिससे सप्लाई चेन लगातार बाधित हो रही है। इसके साथ ही, कई इलाके ऐसे भी हैं जहां तक पहुंचना अब भी लगभग नामुमकिन है।

### इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच उठाया गया अहम कदम

इस्राइली सेना का यह कदम ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय दबाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका और यूरोपीय संघ ने भी इस्राइल से मानवीय राहत को प्राथमिकता देने की अपील की थी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इस फैसले से युद्ध की व्यापक स्थिति में कोई बदलाव आएगा या नहीं, लेकिन भूख से जूझ रहे लाखों गाजा निवासियों के लिए यह एक छोटी राहत जरूर हो सकती है।

# जमड़ी कांवड़ पद यात्रा आज 28 जुलाई को निकलेगी शिव भक्तों की टोली...












-संवाददाता-
सूरजपुर,27 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के पावन अवसर पर नर्मदेश्वर महादेव भगवान भोले नाथ के जलाभिषेक के लिए आज 28 जुलाई को कांवरियों का जत्था जमड़ी धाम के लिए रवाना होगा। 28 जुलाई के प्रातः पावन पुण्य रेणुका नदी के छठ घाट स्थित तट से जल भरकर शिव भक्त कांवरियों का जत्था सूरजपुर से करीब 25 किमी की दूरी पर स्थित ऐतिहासिक जमड़ी धाम के लिए रवाना होगा। श्रावण मास की नागपंचमी के एक दिन पूर्व होने वाली कांवर पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी मां दुर्गे स्वाभिमान युवा कल्याण समिति के द्वारा यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसके लिए समिति के सदस्यों ने जमड़ी के साथ सम्पूर्ण रास्ते की व्यवस्था सहित छठ घाट में पदयात्रा की व्यापक तैयारियां की हैं। 28 जुलाई को प्रातः 6 बजे छठ घाट से कांवड़ में जल भरकर जमड़ी धाम रवाना होने वाले शिव भक्तों के लिए पूरे रास्ते भर जल-पान व भोजन की व्यवस्था की गई है।

**इन्होंने की है इन स्थानों पर जलपान की व्यवस्था :**

हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी सहयोग करने वाले में महंगवा में बजरंग राजवाड़े एवम साथी, पर्री आत्मा साहू व साथी, पर्री अग्रवाल परिवार, उचड़ीह दीपक साहू एवं साथी, सिरसी दिनेश सोनू साहू और साथी, करकोटी रजनीश पांडे वं साथी, मंदिर के पास शाम को नाश्ता अमरदीप सोनी, मंदिर में सुबह का नाश्ता दिनेश गुप्ता, प्रसाद मुकेश साहू, रात्रि में भक्तो के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था जिंदिया परिवार सूरजपुर के ओर से की गई है।

### आकर्षक झांकियो के साथ होगा जगराते का भव्य आयोजन

कावड़ यात्रा के साथ मध्यप्रदेश से आए झांकी और रायपुर के प्रसिद्ध गायकों के द्वारा विशाल शोभायात्रा किया जाएगा साथ ही रात्रि में जमड़ी धाम में भोलेनाथ के विशाल जगराते का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया है। जिसमे छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू, बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की मशहूर भोजपुरी गायिका प्रियंका पांडे, अविनाश पूरी, अंजली गंगवाल, विवेक ताम्रकार इन सभी कलाकारों को एकत्रित कर मां बागेश्वरी जागरण मंच के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा और मध्यप्रदेश से आए अद्भुत झांकियों के साथ पूरी रात भोलेनाथ की अलख जगायेंगे। प्रति वर्ष के अनुरूप विशाल शिवलिंग की स्थापना व भव्य पुष्प श्रृंगार किया जायेगा।

### 2010 में प्रारम्भ हुई थी कांवड़ पद यात्रा की परंपरा

जमड़ी धाम कांवड़ पदयात्रा का आयोजन विगत 16 वर्षों पूर्व 2010 में प्रारंभ हुई थी। मां दुर्गे स्वाभिमान युवा कल्याण समिति के युवाओं के द्वारा जमड़ी धाम तक की लगभग 25 किमी की यात्रा को पूर्ण कर एक परंपरा की शुरूआत की थी। महज कुछ लोगों से शुरू हुई यह यात्रा अब हजारों की संख्या में तब्दील हो गई है। इस कांवड़ यात्रा में सूरजपुर शहर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे, बूढ़े, युवा, महिलाएं भारी तादाद में भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ बोल बम का नारा लगाते हुए कि इस कांवड़ यात्रा में शामिल होते हैं।





# अवैध लकड़ी तस्करी में पिकअप जब्त, आरोपी से नहीं मिले दस्तावेज



-संवाददाता-
अंबिकापुर,27 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

डीएफओ सरगुजा के निर्देशन में वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी कटाई, तस्करी और परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वन विभाग उदयपुर की डांडगांव सायर सर्किल टीम ने प्रशिक्षु रेंजर विकास गुप्ता के नेतृत्व में रात्रि गश्त के दौरान ग्राम पूटा गोरयाडोल में एक पिकअप वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में चार नग चिरान (कटी लकड़ी) बरामद किए गए। मौके पर उपस्थित सिराज नामक व्यक्ति से लकड़ी और वाहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, किंतु वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेजों के अभाव में पिकअप वाहन को तत्काल जब्त कर पुराने वन विभाग कार्यालय, उदयपुर लाया गया। वन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामले की आगे की जांच और विधिवत कार्रवाई की जा रही है। इस संपूर्ण कार्रवाई में वन रक्षक अमरनाथ राजवाड़े, समर्पण लकड़ा, सहीस कपूर, नंद कुमार, आमों कुमार सिंह, विष्णु सिंह सहित सुरक्षा श्रमिक पनेश्वर और रवि की सक्रिय भूमिका रही।

# जिला बलरामपुर रामानुजगंज के रक्षित आरक्षी केंद्र में आयोजित की गई एक दिवसीय प्रशिक्षण

### वी वी आईपी ड्यूटी और क़ानून व्यवस्था के मद्देनजर रक्षित केंद्र बलरामपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया...

### इकाई के थाना चौकी से उपस्थित आए कर्मचारियों को डीएफएमडी, एचएचएमडी, स्मोक कैंडल,रेडियो एवं शस्त्रों के रखरखाव व संचालन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

-संवाददाता-
बलरामपुर,27 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री वैभव बैंकर (भा पु से) के निर्देशन और अति पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में दिनांक 27.07.2025 दिन रविवार को जिला बलरामपुर रामानुजगंज के रक्षित आरक्षी केंद्र बलरामपुर में वीवीआईपी ड्यूटी/कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंध ड्यूटी के मद्देनजर डीएफएमडी-एचएमडी , स्मोक कैंडल, कंट्रोल रूम से थाना चौकी के बेहतर समन्वय के लिए रेडियो एवं जंगी समानों,शस्त्रों के रखरखाव व कुशल संचालन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसमें जिला बलरामपुर रामानुजगंज के समस्त थाना चौकी से कुल 49 महिला/पुरुष पुलिस कर्मचारी शामिल हुए। सर्वप्रथम जेसीओ श्री मंजीत सिंह बीडीएस प्रभारी बलरामपुर द्वारा डीएफएमडी और एचएचएमडी के तकनीकी ज्ञान देने के लिए सभी प्रशिक्षनार्थियों को प्रैक्टिकल कराया गया,उसके बाद प्रधान आरक्षक 160 दयानंद यादव,प्रधान आरक्षक 85 टी नरेश कुमार, द्वारा आर्मोरारी समानों की देखरेख और उपयोग की जानकारी दिया गया, साथ ही कानून व्यवस्था के समय टीयर स्मोक/स्मोक कैंडल का प्रशिक्षण दिया गया।

अंत में प्रधान आरक्षक 65 मोहिनीश पांडे,प्रधान आरक्षक 519 कैसर खान के द्वारा कंट्रोल रूम और वायरलेस शाखा से थाना चौकी के समन्वय स्थापित करने के लिए रेडियो का चैनल,फ्रीक्वेंसी, डिजिटल,एनालॉग के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया ।



# अनियंत्रित बाइक चालक ने मारी पीछे से टक्कर, एक युवक की मौत,तीन घायल

-संवाददाता-
बारियों,27 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारियों चौकी के बघिमा मंदिर के पास एक अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक सवार ने दूसरी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।पुलिस मामले की जांच में जुटी। जानकारी के अनुसार, रविवार को दोपहर लगभग 1 बजे बसंत दास अपनी बाइक से बच्चों को लेकर चारपारा से डकवा जा रहे थे। इसी दौरान बघिमा मंदिर के पास एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर तीन लोग सवार थे और तेज रफ्तार में डकवा की ओर जा रहे थे। दुर्घटना में ग्राम चारपारा निवासी मनोज शांडिल्य पिता कपिल साय( 28 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई वहीं, विनोद मरावी, बबलू पंडित, बसंत दास और बच्चों को हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज बारियों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नवीन शासकीय महाविद्यालय पोड़ी बचरा में 2 साल में 26 लाख से अधिक की हुई खरीदी

**प्रभारी प्राचार्य के बैठने वाली कुर्सी भी 15000 से अधिक की खरीदी गई...**

**सेवानिवृत प्राचार्य व उनकी पत्नी के नाम बैकुंठपुर और बिलासपुर में कई प्लाट**

**नौकरी के दौरान ही प्रभारी प्राचार्य ने अपने व अपनी पत्नी के नाम कई करोड़ की भूमि खरीदी**

जमीन•का•विवरण

| क्र. | जमीन किसके नाम पर | डॉ. एसी गुप्ता से रिश्ता | स्थान | जमीन व भवन की मात्र | कीमत लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता | स्वयं | बिल्हा, बिलासपुर | 3600 वर्गफुट का आवासीय प्लाट | 1200000 |
| 2 | डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता | स्वयं | रहंगी, बिल्हा बिलासपुर | 2700 वर्गफुट का आवासीय प्लाट | 2000000 |
| 3 | डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता | स्वयं | बैकुण्ठपुर | आवासीय भवन 1350 वर्गफुट | 3000000 |
| 4 | डॉ0 प्रीति गुप्ता | स्वयं | तखतपुर | 3600 वर्गफुट का आवासीय प्लाट | 1500000 |
| 5 | डॉ0 प्रीति गुप्ता | स्वयं | बिलासपुर | 3600 वर्गफुट का आवासीय प्लाट | 3000000 |
| 6 | डॉ0 प्रीति गुप्ता | पत्नी | बिलासपुर | 1356 वर्गफुट का आवासीय भवन | 6000000 |
| 7 | डॉ0 प्रीति गुप्ता | पत्नी | बैकुण्ठपुर | आवासीय भवन 1350 वर्गफुट | 3000000 |
| 8 | प्रियम गुप्ता | पुत्र | केनापारा | 0-1520 हे. | 500000 |
| 9 | डॉ0 प्रीति गुप्ता | पत्नी | नरकेली | 0-1580 हे. | 1000000 |
| 10 | डॉ0 प्रीति गुप्ता | पत्नी | नरकेली | 0-2100 हे. | 1000000 |
| 11 | प्रियम गुप्ता | पुत्र | भण्डारपारा | 1-4900 हे. | 500000 |
| 12 | नहीं पता | | रायपुर में भी फ्लैट | | 4000000 |
| 13 | नहीं पता | | घर के बगल में | 10 डिसमिल जमीन | 5000000 |
| | | | | कुल | 31700000 |




-रवि सिंह-

कोरिया,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। उच्च शिक्षा विभाग के संचालनालय रायपुर को बैकुंठपुर अग्रणी महाविद्यालय के सेवानिवृत्ति प्रभारी प्राचार्य के कार्यप्रणाली को लेकर संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि प्रभारी प्राचार्य ने न्याय विरुद्ध कार्य किया है कहीं ना कहीं उन्होंने आरोपी बनने का कार्य दस्तावेजों को जलाकर किया है, उनके द्वारा दस्तावेज जलाने को लेकर यह साफ हो गया है कि उनके कार्यकाल में महाविद्यालय में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है क्योंकि इनका बिना किसी से अनुमति लिए दस्तावेजों को सेवानिवृत होने के बाद जलाना ही इस बात को प्रमाणित करता है कि इनके हाथ भ्रष्टाचार से अछूते नहीं हैं, अब उनके तमाम तरीके की जांच की मांग उठने लगी है इनके अब तक के कार्यकाल की बारीकी से जांच हो यह मांग अब बहुत तेजी से उठ रहा है, पर क्या जांच हो पाएगी यह भी बड़ा सवाल है, क्योंकि प्रभारी प्राचार्य काफी रसूखदार व्यक्ति हैं, क्योंकि यदि रसूखदार नहीं होते तो महाविद्यालय में इतना लंबा कार्यकाल शायद उनका नहीं होता, इतने संवेदनशील पद पर इतना लंबा कार्यकाल क्या भ्रष्टाचार की तरफ इशारा नहीं करता? इस पद पर जहां परिवर्तन होना चाहिए था वहां पर परिवर्तन न होना भी कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार करने की उन्हें अनुमति देता रहा? कार्यकाल किसी का भी रहे चाहे भाजपा या कांग्रेस सभी में यह अग्रणी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बनने में सफल रहे, यहां तक के जितने भी नवीन महाविद्यालय खुले समय समय पर कई सालों तक उसके भी वह प्रभारी प्राचार्य बने रहे और जहां भी रहे वहां पर उन्होंने जमकर खरीदी की, खरीदी भी ऐसी की जिसका उपयोग शायद ही वहां पर अध्ययनरत छात्र छात्रों ने उन सामानों का किया होगा।


घटती घटना
और सेवानिवृत होने के बाद क्यों जलाया दस्तावेज?

## यहां-यहां पर ज़मीन है प्रभारी प्राचार्य व उनकी पत्नी के नाम...

प्रभारी प्राचार्य अखिलेश चंद्र गुप्ता खसरा नंबर 253/29 रकबा 0.0170 जगह बैकुंठपुर, उनकी पत्नी के नाम बैकुंठपुर के भंडारपारा मनसुख स्थित जमीन जिसका खसरा क्रमांक 495 रकबा 1.4900, उनकी पत्नी के नाम नरकेली बैकुंठपुर खसरा क्रमांक 162/1 रकबा 0.1580, नरकेली खसरा क्रमांक 163/3 रकबा 0. 2100, बैकुंठपुर खसरा क्रमांक 253/32 रखबा 0.0170, नरकेली बैकुंठपुर खसरा क्रमांक 163/3 रकबा 0.2100, केनापारा खसरा क्रमांक 27/3 रकबा 0.1520, यह वह जमीन की जानकारी है जो दैनिक घटती घटना के पास प्राप्त हुई कई ऐसे भी जमीन है जिसकी जानकारी मिली नहीं है पर वह जमीन भी इनके पास उपलब्ध है जिसका जिक्र इन्होंने अपने चल अचल संपत्ति में शासन को नहीं दिया है, यहां तक कि इन्होंने जमीन खरीदने से पहले शासन से अनुमति विभाग की ली है या नहीं यह भी जांच का विषय है ,वहीं इसके अलावा बिलासपुर में दोनों के नाम पर अलग-अलग जमीन है यदि इन पूरे जमीनों की जांच की जाए तो इन्होंने अपने कार्यकाल में ही इन्हें खरीदा है, और इन जमीनों का भले ही शासकीय कीमत कम है पर जमीन काफी कीमती है जिन्हें खरीदने में करोड़ों रुपए लगे होंगे पर इतने पैसे कहां से आए यह भी जांच का विषय है।

## पत्नी हैं प्रभारी प्राचार्य पोड़ी बचरा... यहां भी दो वर्षों में हुई जमकर खरीदी...

कोरिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पद से सेवानिवृत हुए अखिलेश चंद्र गुप्ता ने अपनी पत्नी को पोंडी बचरा का प्रभारी प्राचार्य बनाया गया यह उनके द्वारा जुगाड़ बनाकर किया गया जब महाविद्यालय की वहां स्थापना हुई,प्रभारी प्राचार्य नियुक्त कर इन्होंने अपनी पत्नी के प्रभार वाले महाविद्यालय में भी जमकर खरीदी की और लगभग 26 लाख की खरीदी दो वर्षों के दौरान इन्होंने वहां की,यह खरीदी फर्नीचर सहित कई जरूरतों के हिसाब से की गई जिसमें बताया जाता है कि प्राचार्य के बैठने के लिए खरीदी गई कुर्सी ही पंद्रह हजार रुपए के लगभग की है,बताया जा रहा है कि पोड़ी बचरा महाविद्यालय में अखिलेश चंद्र गुप्ता की पत्नी नाममात्र की प्राचार्य बनी रहीं और खरीदी और अन्य निर्णय खुद अखिलेश चंद्र गुप्ता लेते रहे। भ्रष्टाचार के लिए इन्होंने कई महाविद्यालयों को अपना लक्ष्य बनाया और इस तरह इन्होंने जमकर लूट शासकीय महाविद्यालय में मचाया।

## हर राजनीतिक दल में रही पैठ,जिसकी रही सत्ता उसी से अपने लिए समर्थन प्राप्त कर बने रहे प्रभारी प्राचार्य

अखिलेश चंद्र गुप्ता का पूरा कार्यकाल काफी चौंकाने वाला है,बैकुंठपुर के महाविद्यालय में यह प्रभारी प्राचार्य बतौर कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हो गए,इनका पूरा कार्यकाल कई राजनीतिक दलों के कार्यकाल के बीच बीता,इस दौरान इन्होंने उन सभी नेताओं से समर्थन प्राप्त किया अपने लिए जिनकी सत्ता रही,कुल मिलाकर अपने लिए इन्होंने हर वह प्रयास हर दल की सरकार में किया जिससे इन्हें प्रभारी प्राचार्य का दायित्व मिलता रहे और पूर्णकालिक प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय में न पदस्थ हो सके। इनके द्वारा जब जब किसी पूर्णकालिक प्राचार्य की पदस्थापना हुई उसे कार्यभार न ग्रहण करने के लिए एन केन प्रकार से रोक गया रुकवाया गया ऐसा भी बताया जाता है,छात्र नेताओं का भी इन्होंने अपने लाभ उद्देश्य से उपयोग किया और उन्होंने उन्हें भी अपना समर्थक बनाकर अपना हित साधा।


नवीन•शासकीय•महाविद्यालय•पोड़ी•बचरा•के•दो•वर्षों•के•क्रय•की•जानकारी

| क्र. | सामग्री•का•विवरण | 2023-24 प्राप्त•आवंटन | 2023-24 कुल•व्यय | 2024-25 प्राप्त•आवंटन | 2024-25 कुल व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04-003 फर्नीचर एवं कार्यालयीन उपकरण | 150000 | 149917 | | |
| 2 | 04-004 पुस्तकें एवं नियतकालीन पत्रिकाएं | 210000 | 209926 | 150000 | 149954 |
| 3 | 04-007 लेखन सामग्री एवं फार्मो की छपाई | 47000 | 47000 | 35000 | 35000 |
| 4 | 04-008 अन्य आकस्मिक व्यय | 180000 | 179850 | 50000 | 49995 |
| 5 | 04-009 सूचना प्रौद्योगिकी | 470000 | 469950 | 10000 | 9990 |
| 6 | 24-002 अनुरक्षण (मशीन तथा उपकरण) | - | - | 100000 | 100000 |
| 7 | 25-001 भण्डार तथा कच्चा माल | 500000 | 499993 | 200000 | 199978 |
| 8 | 25-004 गैर कार्यालयीन फर्नीचर | 550000 | 549994 | - | - |
| | योग:- | 2107000 | 2106630 | 545000 | 544917 |



# एसईसीएल चिरमिरी आर 6 खदान में मजदूर की दर्दनाक मौत

**पूर्व विधायक व ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब कमरों ने बताया लापरवाही,अमानवीयता और प्रशासनिक चुप्पी पर उठाए सवाल**




-रवि सिंह-

चिरमिरी,27 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की आर-6 खदान में शनिवार को हुआ भयावह हादसा ना सिर्फ एक मजदूर की जिंदगी लील गया,बल्कि कंपनी की लचर सुरक्षा व्यवस्था और संवेदनहीन प्रबंधन की पोल भी खोल गया। कोरिया कॉलरी निवासी मजदूर लल्लू प्रसाद की कन्वेयर बेल्ट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की वीभत्सता इतनी भयावह थी कि मजदूर का शव दो हिस्सों में कट गया।

### ट्रेड यूनियन का आक्रोश

ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा यह कोई साधारण हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की लापरवाही से हुई एक हत्या है। बड़ी-बड़ी होर्डिंग्स में सुरक्षा का ढिंढोरा पीटा जाता है,लेकिन मजदूरों की जान की कोई कीमत नहीं बची है। क्या सुरक्षा सिर्फ अधिकारियों तक सीमित रह गई है? मशीनें इंसानों से ज्यादा कीमती कब से हो गईं? क्या एक मजदूर की मौत सिर्फ फाइलों में सिमट जाएगी या इस बार कोई असली कार्यवाही होगी? उन्होंने डीजीएमएस सेफ्टी (डायरेक्टर जनरल ऑफ़ माइंस सेफ्टी) से शिकायत की बात कही है और घटना की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही मजदूरों के लिए पुख्ता सुरक्षा उपाय लागू करने और दोबारा ऐसी दुर्घटनाएं ना हों, इसकी गारंटी सुनिश्चित करने पर बल दिया। पूर्व विधायक व ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब कमरों ने कहा कि यह अब सिर्फ एक मजदूर की मौत नहीं, मजदूर वर्ग की अस्मिता और जीवन की लड़ाई है। इस बार चुप्पी नहीं, जवाब चाहिए। घटना के बाद मजदूर वर्ग में जबरदस्त गुस्सा कि यदि जल्द जांच शुरू नहीं की गई और दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। चिरमिरी की सड़कों पर उतरेंगे।








### मौत या हत्या ? मशीन चालू होने से हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार,लल्लू प्रसाद कन्वेयर बेल्ट बदलने का कार्य कर रहा था,तभी अचानक मशीन चालू हो गई और वह बेल्ट में बुरी तरह फंस गया। बेल्ट ने उसे इस कदर चपेट में लिया कि उसका शरीर दो टुकड़ों में विभाजित हो गया। हादसे के बाद शव को प्लास्टिक में लपेटकर अस्पताल लाना,एसईसीएल की अमानवीय कार्यशैली और मजदूरों के प्रति उपेक्षा को स्पष्ट करता है।

### सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ दिखावा,ज़मीनी हकीकत भयावह

यह कोई पहली घटना नहीं है। हर साल सेफ्टी वीक,लाखों की ट्रेनिंग, सेमिनार और पोस्टर सिर्फ दिखावे की खानापूर्ति बनकर रह गए हैं। खदान में कार्यरत मजदूरों को कोई पुख्ता सुरक्षा नहीं मिलती। हर दिन वे जान हथेली पर रखकर खदान में उतरते हैं। क्या यही है सुरक्षा प्रबंधन?

### प्रशासन मौन, अधिकारी लापता, कौन है जिम्मेदार ?

घटना के बाद न तो एसईसीएल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान आया,न ही कोई अधिकारी मीडिया के सामने आया,यह चुप्पी दर्शाती है कि जवाबदेही से बचने की कोशिश, सच्चाई से मुंह फेरना और मजदूर की मौत को नियमित दुर्घटना मानकर पल्ला झाड़ लेना कंपनी की प्रवृत्ति बन गई है।


# कोरिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ शिकायत करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे महाविद्यालय के कर्मचारी

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ गोपनीय शाखा के कर्मचारी ने कुछ ऐसा कहा कि सभी बिना शिकायत दिए लौटेः सूत्र

## कलेक्टर सहित महाविद्यालय प्राचार्य के कार्यालय के आवक जावक शाखा में आवेदन हुआ स्वीकार, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्यों पुलिस अधीक्षक से ही मिलकर शिकायत देने की रखी गई शर्त ?

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवानिवृत्त प्राचार्य के रिश्तेदार हैं पदस्थ उन्हीं ने ऐसा कुछ कहा कि कर्मचारी लौटे बिना शिकायत पत्र सौंपे...





दिनांक – 22.07.2025

-रवि सिंह-
कोरिया,27 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव महाविद्यालय में सेवानिवृत्त प्राचार्य द्वारा सेवानिवृत्ति के छः माह बाद जाकर खुद बंद रखे गए कमरों से दस्तावेज निकालकर उन्हें आग के हवाले किए जाने के मामले में अब महाविद्यालय के कई कर्मचारी भी सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ शिकायत करते नजर आ रहे हैं और उनकी शिकायत में इस बात का भी उल्लेख है कि उन्हें सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य से खतरा है और उनकी सहायक प्राध्यापक पत्नी से खतरा है और जिस मामले का संज्ञान लिया जाना आवश्यक है,महाविद्यालय के कर्मचारियों की लिखित शिकायत की प्रतियां दैनिक घटती घटना के हांथ लगी हैं और जिसमे साफ साफ लिखा है कि कैसे 12 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य महाविद्यालय पहुंचते हैं और दो कमरों से दस्तावेज निकालकर वह उसे आग के हवाले करते हैं। कर्मचारियों के अनुसार सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य सभी कर्मचारियों से इस कार्य में सहयोग की भी बात करते हैं और सहयोग न करने पर किसी झूठे मामले में फंसाने की वह धमकी देते हैं। कर्मचारियों ने अपनी लिखित शिकायत कलेक्टर कोरिया और महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य को तो सौंप दी और जिसे आवक-जावक के माध्यम से उन्होंने सौंपा वहीं उनके अनुसार जब वह पुलिस अधीक्षक कोरिया कार्यालय पहुंचे उन्हें वहां जो सलाह मिली वह उन्हें भयभीत करने वाली थी जिसके कारण वह बिना शिकायत किए लौट आए।

बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवक जावक में शिकायत स्वीकार नहीं की गई और उन्हें वहां से कर्मचारी ने बताया कि शिकायत सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष हो सकेगी और बयान दर्ज करने के बाद ही आगे कुछ कार्यवाही संभव है,मामले में सवाल यह है कि क्या पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवक जावक शाखा का कोई औचित्य नहीं है क्या जिसके कारण कर्मचारियों से जो शिकायत करने पहुंचे उनसे ऐसा कहा गया। बताया जा रहा है जिसने ऐसा कहा वह सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य का रिश्तेदार है जिसने ऐसा कहा या शिकायत करने पहुंचे कर्मचारियों को ऐसा कहकर भयभीत करने का प्रयास किया। वैसे मामले में महाविद्यालय कर्मचारियों का सामने आना और शिकायत करना यह बतलाता है कि यदि जांच हुई सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य की पोल खुल जाएगी और बहुत बड़े भ्रष्टाचार से पर्दा हट सकेगा।

### क्या एसपी कार्यालय में कोई अग्रणी महाविद्यालय के सेवानिवृत्ति प्रभारी प्राचार्य का रिश्तेदार है कार्यरत...जिन्होंने अधिकारी व कर्मचारियों को शिकायत नहीं देने दिया

अग्रणी महाविद्यालय रामानुज प्रताप सिंहदेव के स्टाफ व अधिकारी सेवानिवृत्ति प्रभारी प्राचार्य की शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे थे जहां पर उनका कोई रिश्तेदार मौजूद था और उसने शिकायतकर्ताओं को यह कहकर गुमराह किया कि एसपी साहब के सामने आपको पेश होना पड़ेगा बयान होगा तब आपका शिकायत लिया जाएगा इसके बाद शिकायतकर्ता को वहां से वापस कर दिया गया क्या अब शिकायत करने के लिए एसपी साहब यदि छुट्टी पर रहेंगे तो क्या आवक जावक में शिकायत नहीं ली जाएगी क्या एसपी कार्यालय में ही पदस्थ गोपनीय शाखा देखने वाले कर्मचारी जो अपने आप को प्रभारी प्राचार्य का रिश्तेदार बता रहे हैं वह शिकायतकर्ताओं को शिकायत करने से रोक रहे हैं?

### स्थानीय व्यक्ति के पास कैसे हैं एसपी कार्यालय के गोपनीय शाखा की जिम्मेदारी ?

पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरिया में बैकुंठपुर निवासी एक कर्मचारी के पास गोपनीय शाखा की जिम्मेदारी मिली हुई है जिस व्यक्ति के पास इस शाखा की जिम्मेदारी है वह पदस्थ बलरामपुर में है और लंबे समय से कोरिया जिले में अटैच होकर काम कर रहे हैं अभी इनके पास पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में गोपनीय शाखा भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय की देखने की जिम्मेदारी मिल गई थी पर जानकारों का ऐसा मानना है कि किसी भी स्थानीय व्यक्ति को गोपनीय शाखा नहीं दी जाती है पर यहां पर उन्हें गोपनीय शाखा की जिम्मेदारी दे दी गई है जहां पर इनकी मनमर्जी खूब चलती है नाम ना बताने की शर्त पर विभाग के ही पुलिस कर्मियों ने बताया कि उनके गोपनीय शाखा में आने से कई पुलिसकर्मी परेशान है जहां पर पहले थाना में पदस्थ कर्मचारियों छुट्टी लेने के लिए अपने थाना प्रभारी को आवेदन दिया करते थे और आवेदन सीधे एसपी तक पहुंच जाया करता था पर इस समय यह नियम बदल गया है जब से गोपनीय शाखा में स्थानीय निवासी गुप्ता जी आए हैं अब आवेदन आप अपने थाना के प्रभारी को दे दीजिए पर जब तक गुप्ता जी से नहीं मिलेंगे तब तक आपकी छुट्टी स्वीकृत नहीं होगी वह आवेदन बिना गुप्ता जी से मिले एसपी साहब के टेबल तक नहीं पहुंचेगा अब ऐसे में यह सवाल यह उठता है कि क्या ऐसे कर्मचारी की शिकायतें पुलिस अधीक्षक तक नहीं पहुंच पा रहे वैसे बताया जा रहा है कि पूर्व में भी ऐसे कार्यों को लेकर उनकी शिकायत आईजी साहब से की गई थी। सवाल तो यह भी है कि स्थानीय निवासी को आखिर बलरामपुर जिले से कोरिया जिले में कब तक अटैच कर कर रखा जाएगा?

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात 124 एपिसोड पटना मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना





-संवाददाता-
कोरिया,27 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आज मन की बात के 124 वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने शुभांशु शुक्ला और स्पेस के बारे में बात की। उन्होंने कहा-जैसे ही एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला धरती पर उतरे, लोग उछल पड़े। सभी भारत वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई, देशवासियों को गर्व है। पीएम ने आगे कहा- इससे साइंस-स्पेस को लेकर बच्चों में नई जिज्ञासा जागी है। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात के 124 वें एपिसोड के अवसर पर पटना मंडल मे भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े,मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव,महामंत्री सत्यम साहू, रितेश सिंह,राकेश गुप्ता,ज्योति देवांगन, प्रमिला सिंह,अमित सिंह,सुधीर वर्मा, राज कुमार पाण्डेय,रोशन राजवाड़े,अशोक,सुशील जायसवाल, रमेश पोया, सुमंत कांत तिवारी, अनिल व राजेश गुप्ता सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# भारी बारिश के बीच अमृतधारा जलप्रपात सुरक्षा के लिहाज से है असुरक्षित...क्या प्रशासन भी बरत रहा लापरवाही ?

## भारी बाढ़ के बीच लोग वाटर फाल के करीब पहुच ले रहे सेल्फी,नही दिया गया ध्यान तो घट सकती है बड़ी घटना







-राजन पाण्डेय-
एमसीबी/कोरिया,27 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के अमृतधारा जलप्रपात वर्तमान में अपनी पूर्ण सुंदरता पर है और बारिश के मौसम में यह 100 फीट नीचे गिरता झरना पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। हर दिन यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर प्राकृतिक नजारों का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, सुरक्षा के लिहाज से यह स्थान पूरी तरह असुरक्षित है। मानसून के दौरान हुई झमाझम बारिश में जलप्रपात के किनारे लगी लोहे की रेलिंग बाढ़ के कारण कई जगहों पर उखड़ गई है।

अमृतधारा जलप्रपात में सुरक्षा की कमी एक बड़ा मुद्दा है। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए कुछ समय के लिए बेरीकेट लगवाए, लेकिन वे जल्दी हट गए। इसके कारण पर्यटक झरने के किनारे खड़े होकर सेल्फी लेने और नजारे का आनंद लेने लगे हैं, जो बेहद जोखिम भरा है। प्रशासन ने कई बार रोकने का प्रयास किया, लेकिन जलप्रपात में तेज धार होने के बाद भी लोग बेहद करीब जा रहे हैं, जिससे हादसे का खतरा है। इस स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन को सख्त सुरक्षा इंतजाम करने होंगे। पर्यटकों को झरने के किनारे जाने से प्रभावी तरीके से रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। इससे किसी भी प्रकार की अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सकेगा और पर्यटकों की जान सुरक्षित रहेगी। अमृतधारा जलप्रपात का सौंदर्य देखते हुए सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। जिले में अब तक 582.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में औसत 40.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 740.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। यह वर्षा खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है।

### तहसील वार वर्षा की स्थिति

- मनेंद्रगढ़ में 602.4 मिमी वर्षा
- खड़गवां में 486.8 मिमी वर्षा
- चिरमिरी में 537.7 मिमी वर्षा
- केल्हारी में 464.5 मिमी वर्षा
- भरतपुर में 663.1 मिमी वर्षा
- कोटाडोल में 740.1 मिमी वर्षा

### अमृतधारा जलप्रपात की सुंदरता और आकर्षण को देखते हुए सुरक्षा भी रहे प्राथमिकता में...

अमृतधारा जलप्रपात की सुंदरता और आकर्षण को देखते हुए सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। जिला प्रशासन को सख्त सुरक्षा इंतजाम करने और पर्यटकों को झरने के किनारे जाने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। इससे किसी भी प्रकार की अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सकेगा और पर्यटकों की जान सुरक्षित रहेगी।

### पूर्व विधायक ने जारी की अपील

जिलेभर में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने क्षेत्रवासियों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि सभी नागरिक नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें तथा अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। यदि किसी पुल पर पानी बह रहा हो तो उस पर से पार करने की कोशिश न करें। यह जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है। उन्होंने प्रशासन द्वारा जारी चेतावनी व दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सावधानी ही सुरक्षा है। साथ ही, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम को सहयोग देने की भी उन्होंने लोगों से अपील की है।

# भारी बारिश के बीच सेमरिया पहुंचा स्वास्थ्य अमला,जांच कर दी आवश्यक दवाइयां

## सीएमएच ओ कोरिया के निर्देश पर दुरस्त ग्रामो में पहुंच रहा स्वास्थ्य अमला



-संवाददाता-
कोरिया,27 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

भारी बारिश के बीच स्वास्थ्यकर्मी अपनी जान पर खेलकर दूसरों की जान बचा रहे हैं। सबसे सुदूर और दुर्गम माने जाने वाले गांव सेमरिया में इन दिनों बारिश ने कहर बरपाया है ऐसे में स्वास्थ्य अमले का उस दुरस्त क्षेत्र में पहुच कर कैम्प लगाना प्रशंसनीय कदम है ऐसा इसलिए क्योंकि बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। रास्ते में कहीं भी ना पुल है ना ही सुरक्षा के इंतजाम फिर भी स्वास्थ्यकर्मी दवाइयों का बैग लादे,इस गांव तक पहुंच रहे हैं।

### दुरस्त ग्रामो में लगातार पहुचा रहे सेवा

सीएमएच ओ कोरिया के नेतृत्व और बीएमओ सोनहत के मार्गदर्शन में रामगढ़ के चिकित्सक रजनीश शुक्ला एवं टीम द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जांच कर आवश्यक दवाइयां दी जा रही है।

### सभी जगह दिया गया है निर्देश

बीएमओ डॉ मिश्रा ने बताया कि सीएमएचओ कोरिया के निर्देशानुसार सभी दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य अमले को कैंप करने कहा गया है, उल्टी दस्त बुखार की दवाइयां भी बांटी जा रही है। बारिश के दौरान स्वास्थ्य विभाग बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने सतत प्रयासरत् है।





# रामगढ़ क्षेत्र में बारिश का कहर कही गिरा घर तो कही पेड़ गिरने से रस्ता जाम

-संवाददाता-
सोनहत,27 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

बारिश के कहर से रामगढ़ भी अछूता नहीं रहा। अमृतपुर से रामगढ़ मार्ग पर बहने वाली सभी नदियां उफान पर हैं। मनवारी नदी में एक विशाल पेड़ पुल पर फंस गया। जिससे आवागमन पुर्ण रुप रुक गया। अमृतसर से जिला मुख्यालय बैकुंठपुर जाने वाली बस कोरिया ट्रेवल्स व दुर्गा बस नहीं चल पाया। जिसे देखकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्राम पंचायत सिंघोर के सचिव द्वारा पुल पर फंसे पड़े को कटवाकर हटाया गया। तब जाकर आवागमन चालू हो सका। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उज्ञांव के बघवारपारा में एक घर गिरने से सदस्य बाल बाल बच गए वही उस घर के नीचे एक स्पलेंडर बाइक दब कर नुकसान हो गई क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता अवध यादव ने शासन, प्रशासन को संज्ञान में लेकर जांच व मुआवजा की स्वीकृति की मांग किया है।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### श्रीजा अकुला को होनोका हाशिमोटो से शिकस्त



**नई दिल्ली,27 जुलाई 2025।** श्रीजा अकुला डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस के महिला एकल फाइनल में जापान की होनोका हाशिमोतो से 1-4 से हार गईं। 48 मिनट तक चले फाइनल में, हाशिमोतो ने पहले तीन गेम 11-7, 11-3, 11-4 से जीतकर श्रीजा से काफी दूरी बना ली। हालाँकि, हैदराबाद की श्रीजा ने अपना खाता खोला और चौथा गेम 11-9 से जीतकर मुकाबले में बने रहने में कामयाब रहीं। पाँचवें गेम में श्रीजा ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन जापानी खिलाड़ी अपनी प्रतिद्वंद्वी के काफी करीब रहीं। श्रीजा 10-9 से आगे थीं,लेकिन हाशिमोतो ने बढ़त बनाए रखी और अंततः 13-11 से गेम और मैच अपने नाम कर लिया।

### लेकर्स को मिला डिफेंसिव एक्सपर्ट




**» मार्कस स्मार्ट की एंट्री से बढ़ी ताकत**

**लॉस एंजिल्स,27 जुलाई 2025।** एनबीए टीम रोस्टर पर नज़र रखना आमतौर पर मुश्किल होता है, लेकिन लॉस एंजिल्स लेकर्स जिस तरह से खेल रहे हैं, उससे यह साफ़ ज़ाहिर है कि टीम लुका डोंसिक और लेब्रोन जेम्स को अपनी योजनाओं में सबसे आगे रखना चाहती है। हाल ही में, द एथलेटिक के अनुसार, टीम ने डोंसिक की थोड़ी मदद से डिफेंसिव स्पेशलिस्ट मार्कस स्मार्ट को साइन किया है। यह घटनाक्रम लेकर्स के इनर सर्कल में डोंसिक की अहम भूमिका को और भी मज़बूत करता है। दिलचस्प बात यह है कि न्यूज़ के कैलेब हाईटॉवर ने एक नया ट्रेड प्रस्ताव पेश किया है जो स्मार्ट को अपने पूर्व बोस्टन सेल्टिक्स टीम के साथी के साथ फिर से जुड़ने और लेकर्स को एक महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाने में मदद कर सकता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने की टीम इंडिया के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी

**» ऑस्ट्रेलिया ने रच दिया इतिहास**





**मेलबर्न,27 जुलाई 2025।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथा टी 20 आई मैच को तीन विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टी 20 आई सीरीज में 4-0 से अजेय बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी टी 20 आई जीत में कैमरन ग्रीन, जोश इंगलिस और ग्लेन मैक्सवेल का अहम योगदान रहा। कैमरन ग्रीन,जोश इंगलिस ने जहां अर्धशतक जड़े तो वहीं, ग्लेन मैक्सवेल ने 18 गेंदों पर ताबड़तोड़ 47 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 6 छक्के और 1 चौका जड़ा। मैक्सवेल को उनकी कमाल की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सेंट किट्स में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 9 विकेट खोकर 205 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 19.2 ओवर में 206 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दूसरे मैच में 200 से ज्यादा रनों का टारगेट चेज करते हुए टीम इंडिया के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

**भारत के वर्ल्ड रिकॉर्ड पर खतरा**

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने टी 20 आई क्रिकेट के इतिहास में 7वीं बार 200 से ज्यादा रनों का टारगेट चेज किया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियन टीम ने टी 20 आई में सबसे ज्यादा 7 बार 200+ रनों का लक्ष्य हासिल करने के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इससे पहले भारत एकमात्र ऐसी टीम थी, जिसने टी 20 आई में 7 बार 200+ रनों का लक्ष्य हासिल करने का कारनामा किया था। अब ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों के नाम 7-7 बार 200 से ज्यादा रनों का लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। अगर सीरीज के आखिरी और 5वें मैच में भी ऑस्ट्रेलिया की टीम 200 प्लस का टारगेट हासिल करने में कामयाब हो जाती है, तो टीम इंडिया का वर्ल्ड रिकॉर्ड चकनाचूर हो जाएगा।

**मेजबान को पहली जीत की तलाश**

बता दें,ऑस्ट्रेलिया की टीम वेस्टइंडीज दौरे पर अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है। टेस्ट सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की टी 20 आई सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त बना ली है। अब कंगारू टीम की नजरें टेस्ट सीरीज की तरह टी 20 आई सीरीज में भी वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ करने पर लगी हैं। आखिरी मैच में मेजबान वेस्टइंडीज किसी भी हाल में जीत दर्ज करना चाहेगी।

**टी 20 आई में सबसे ज्यादा बार 200+ रनों का लक्ष्य चेज करने वाली टीमें...**

भारत - 7
ऑस्ट्रेलिया - 7
साउथ अफ्रीका - 5
बुल्गारिया - 5
पाकिस्तान - 4

# इंग्लैंड की तरह पावर हिटिंग टीम बनेगी बांग्लादेश

## एशिया कप से पहले उठाया बड़ा कदम,धाकड़ कोच से मिलाया हाथ




**ढाका,27 जुलाई 2025।** दुनियाभर में पावर-हिटिंग कोच के रूप में प्रसिद्ध जूलियन वुड अगस्त में बांग्लादेश क्रिकेट टीम से जुड़ने जा रहे हैं। उनका यह कार्यकाल आगामी टी 20 एशिया कप 2025 की तैयारियों का हिस्सा होगा, जो 9 सितंबर से यूएई में खेला जाना है। बांग्लादेश की टीम इस समय व्यस्त इंटरनेशनल शेड्यूल से मिले ब्रेक का आनंद ले रही है। लेकिन 6 अगस्त से शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम मीरपुर में एशिया कप की तैयारी के लिए प्रैक्टिस कैम्प शुरू होने जा रहा है। वुड के इसी कैम्प के आगाज से पहले ढाका पहुंचने की उम्मीद है। वुड तीन सप्ताह तक खिलाड़ियों को पावर-हिटिंग का गुर सिखाएंगे। क्रिकबज ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

**वुड का बांग्लादेश से पुराना नाता**

वुड को इंग्लैंड की टीम में क्रांतिकारी बदलाव का श्रेय दिया जाता है, जहां उन्होंने खिलाड़ियों को आधुनिक पावर-हिटिंग तकनीकों से लैस किया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि एशिया कप कैम्प शुरू होने से पहले वुड हमारे साथ जुड़ जाएंगे। वुड पहले भी बांग्लादेश प्रीमियर लीग यानी बीसीएल में चटगांव चैलेंजर्स के साथ कोचिंग कर चुके हैं। उन्होंने इस बार की भागीदारी को लेकर कहा कि हां वह टीम के हेड कोच फिल सिमंस से बात कर रहे हैं। उन्हें बताया गया है कि अगस्त में तीन हफ्तों के लिए वह टीम के साथ रहेंगे। अभी यह अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है, लेकिन संभावना बहुत अधिक है।

उन्होंने आगे कहा कि वह अगस्त में एशिया कप से पहले ढाका पहुंच जाएंगे। उसके बाद क्या होगा, यह बीसीबी पर निर्भर करता है। वुड ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खासकर सफेद गेंद क्रिकेट में अब पावर-हिटिंग बहुत जरूरी हो गया है। उनका काम उन्हें सही तकनीक और जानकारी देना होगा कि अपनी ताकत का उपयोग कैसे करना है और उसे प्रभावी रूप से कैसे लागू करना है। उन्होंने इस दौरे को लेकर उत्साहित होकर कहा कि वह इस तीन सप्ताह की प्रक्रिया को लेकर बेहद उत्साहित हैं क्योंकि उनका यहां से पुराना नाता रहा है। बीते तीन-चार सालों से बीसीबी इस दिशा में बात कर रहा था, अब जाकर यह साकार हो रहा है और उन्हें खुशी है कि आखिरकार अब यह हो रहा है।

**मानसिक मजबूती पर भी जोर देगा बोर्ड**

बीसीबी के एक अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि टीम की मानसिक मजबूती को बेहतर करने के लिए वे एक स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट की भी नियुक्ति करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम एक अनुभवी विदेशी मनोवैज्ञानिक को लाने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही कुछ स्थानीय साइकोलॉजिस्ट को भी जोड़ेंगे, ताकि भाषा की बाधा न आए और साथ ही वे भी उनसे कुछ सीख सकें। डेविड स्कॉट, जो पहले बांग्लादेश के हाई परफॉर्मेंस यूनिट के साथ काम कर चुके हैं, उनके इस भूमिका में जुड़ने की उम्मीद है।



## भविष्य में भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ आईसीसी इवेंट न खेले

**नई दिल्ली,27 जुलाई 2025।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला रद्द होने से नाखुश हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि शायद भविष्य में भारत एशिया कप, या आईसीसी इवेंट में पाकिस्तान से न खेले। दानिश कनेरिया ने आईएएनएस से कहा, डब्ल्यूसीएल में भारत-पाकिस्तान का मैच होने वाला था, जिसमें भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर शामिल थे, लेकिन उन्होंने इस मुकाबले का बायकॉट कर दिया। ऐसा लगता है कि शायद आने वाले समय में एशिया कप, या आईसीसी इवेंट में भारतीय टीम पाकिस्तान से न खेले।

# भारत और पाकिस्तान के बीच हो सकते हैं 3 मुकाबले



**» शेड्यूल के ऐलान के बाद जानें समीकरण**

**नई दिल्ली,27 जुलाई 2025।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के बाद एशिया कप 2025 के ऊपर संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे थे। लेकिन अब एशियन क्रिकेट काउंसिल ने टूर्नामेंट के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है और इस टूर्नामेंट के होने को लेकर रास्ता साफ हो गया है। इस बार एशिया कप में कुल 8 टीमें खेलती हुई नजर आएंगी। इनमें भारत, पाकिस्तान,बांग्लादेश,श्रीलंका, अफगानिस्तान,यूएई,ओमान और हांग-कांग की टीमें शामिल हैं। इस बार टी20 वर्ल्ड कप 2026 को देखते हुए एशिया कप 2025 को टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा।

**8 टीमों को दो ग्रूप में बांटा गया**

एशिया कप 2025 में सभी 8 टीमों को चार-चार के दो ग्रूप में बांटा गया है। फिर यहां से 4 टीमें सुपर-फोर के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि 4 टीमें बाहर हो जाएंगी। फिर सुपर-फोर की प्वाइंट्स टेबल में जो टीमें टॉप-2 में होंगी। उनके बीच फाइनल मुकाबला होगा।

**एशिया कप 2025 के लिए ग्रूप**


**ग्रूप-एः** भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान

**ग्रूप-बीः** बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, हांग-कांग

**14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच होगा मुकाबला**

एशिया कप 2025 के लिए भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रूप में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया पड़ोसी पाकिस्तान के खिलाफ 14 सितंबर को महामुकाबला खेलेगी। फिर 19 सितंबर को भारतीय टीम ओमान के खिलाफ खेलेगी।

## रोमन रेंस से लेकर गुंथर तक डब्ल्यूडब्ल्यूई रॉ में नजर आएंगे ये दिग्गज रेसलर्स



**नई दिल्ली,27 जुलाई 2025।** डब्ल्यूडब्ल्यूई रॉ का आगामी एपिसोड 28 जुलाई, 2025 को लिटिल सीजर्स एरिना,डेट्रॉइट,मिशिगन से प्रसारित होगा। यह समरस्लैम के लिए गो-होम शो होगा। इस एपिसोड में कई बड़े सुपरस्टार्स शामिल होंगे। फैंस को इन सभी सितारों को एक साथ देखने का मौका मिलेगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि इन सुपरस्टार्स में किन-किन रेसलर्स का नाम शामिला है।

**डब्ल्यूडब्ल्यूई ने 28 जुलाई के रॉ के लिए कुछ सुपरस्टार्स के नामों की पुष्टि की है...**

1. गुंथर,2. नाओमी, 3. रोमन रेंस, 4. इयो स्काई , 5. जे उसो,6. डोमिनिक मिस्टीरियो,7. द कबुकी वॉरियर्स (असुका और कैरी सेन),8. बेली,9. रुसेव,10. एजे स्टाइल्स,11. द न्यू डे (कोफी किंग्स्टन और जेवियर वुड्स),12. राकेल रोड्रिगेज और रॉक्सैन पेरेज,13. वॉर रेडर्स (एरिक और इवार),14. पेंटा,15. सीएम पंक,16. फिन बैलर और जेडी मैकडोनघ,17. शेमस,18. ब्रॉन ब्रेकर और ब्रोंसन रीड (पॉल हेमैन के साथ),19. लुडविग कैसर,20. एल ग्रांडे अमेरिकनो,21. बेकी लिंच,22. लायरा वाल्किरिया,23. ए-टाउन डाउन अंडर (ग्रेसन वॉलर और ऑस्टिन थ्योरी) 24. कैरियन क्रॉस और स्कारलेट,25. द अमेरिकन मेड (जूलियस क्रीड, ब्रूटस क्रीड और आइवी नाइल),26. निक्की बेला,27. अल्फा अकादमी (मैक्सिन डुप्री, अकीरा टोजावा),28. लैटिनो वर्ल्ड ऑर्डर (ड्रैगन ली, जोकिन वाइल्ड और क्रूज डेल टोरो),29. स्टेफनी वेकर

28 जुलाई के डब्ल्यूडब्ल्यूई रॉ के लिए कुछ मैचों और सेगमेंट की घोषणा की गई है। जजमेंट डे (फिन बैलर और जेडी मैकडोनघ) बनाम एलडब्ल्यूओ (क्रूज डेल टोरो और जोकिन वाइल्ड) के बीच डब्ल्यूडब्ल्यूई टैग टीम टाइटल्स के लिए मैच होगा। इसके अलावा,समरस्लैम के लिए भी कुछ चीजें दिखाई जाएंगी। 28 जुलाई का एपिसोड समरस्लैम 2025 के लिए आखिरी एपिसोड होगा। समरस्लैम 2025 दो दिनों का इवेंट होगा। यह 2 और 3 अगस्त, 2025 को होगा। इस इवेंट को भारत में नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



## खिताबी मुकाबले में अन्ना कालिंस्काया से भिड़ेंगी लेयला फर्नांडीज

**वॉशिंगटन,27 जुलाई 2025।** कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने एक बेहद कड़े मुकाबले में जबरदस्त वापसी करते हुए वॉशिंगटन ओपन के फाइनल में जगह बना ली। यह मैच 3 घंटे 12 मिनट तक चला जिसमें फर्नांडीज ने तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना को 6-7(2), 7-6(3),7-6(3) से हराया। यह एक साल से भी ज्यादा समय बाद उनका पहला फाइनल है। अगर वह जीतीं, तो यह 2023 हांगकांग के बाद उनका पहला खिताब होगा। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, उनके करियर के तीनों डब्ल्यूटीए एकल खिताब हार्ड कोर्ट पर ही आए हैं। फर्नांडीज का अगला मुकाबला अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने दिन के दूसरे सेमीफाइनल में 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानू को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। डीसी ओपन अन्ना कालिंस्काया के लिए टूर का सबसे बेहतरीन टूर्नामेंट साबित हुआ है। इस इवेंट में उनका मेन ड्रॉ जीत-हार रिकॉर्ड 9-2 का है। वह कभी भी क्वार्टर फाइनल से पहले बाहर नहीं हुई हैं।

## चुलबुली आयशा जुल्का को कुर्बान ने दिलाया बड़ा मुकाम,दलाल में काम करने का रहा मलाल



1990 के दशक की बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसी अभिनेत्रियां थीं,जिन्होंने अपने अभिनय और खूबसूरती से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। उनमें से एक नाम था आयशा जुल्का, चुलबुली स्वभाव की आयशा को सलमान खान की फिल्म कुर्बान ने पर्दे पर बड़ा मुकाम दिलाया, तो वहीं मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म दलाल ने उनकी छवि पर दाग लगाने का काम किया। वह अपनी फिल्मों की वजह से ही नहीं,बल्कि अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी हमेशा सुर्खियों में बनी रही, जिसके चलते उन्हें उस समय मोस्ट कंट्रोवर्शियल न्यूकमर का टैग दिया गया था। 28 जुलाई 1972 को मुंबई में जन्मीं आयशा बचपन से ही एक्ट्रेस बनने का सपना देखती थी। पहली बार एक बाल कलाकार के तौर पर कैसे-कैसे लोग में दिखीं, ये फिल्म 1983 में रिलीज हुई थी। फिर 1991 में आई कुर्बान, इसमें उन्होंने एक जिंदादिली लड़की चंदा का किरदार निभाया। इस फिल्म में उन्होंने कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया, जिसमें सलमान खान, सुनील दत्त, कबीर बेदी और गुलशन ग्रोवर जैसे कलाकार शामिल हैं। इन शानदार कलाकारों के बीच आयशा ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया, जिसे दर्शकों ने खुले दिल से अपनाया।

## विजय देवरकोंडा की फिल्म किंगडम का ट्रेलर रिलीज




साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंगडम का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। इस फिल्म को हिंदी में साम्राज्य के नाम से रिलीज किया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। ट्रेलर में विजय देवरकोंडा के एक्शन और इंटेंस अभिनय की झलक साफ नजर आ रही है। इसमें वह अंडरकवर जासूस सूर्या की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर में विजय देवरकोंडा को एक मिशन पर भेजे जाने से पहले उन्हें अपनी जिंदगी की कुछ जटिलताओं से जूझते हुए दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है। इसमें सुना जा सकता है, ÷तुझे एक इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए अंडरकवर जासूस बनना पड़ेगा। इसके बाद विजय देवरकोंडा को पुलिस की वैन में दिखाया जाता है, जहां उनके हाथों में हथकड़ी दिखाई जाती है। फिर आवाज आती है, तुझे अपनी मां, काम और घर सब छोड़ना पड़ेगा। इसके बाद विजय पुलिस की वर्दी में नजर आते हैं। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, सूर्या खुद को एक दुश्मनों से भरे इलाके में पाता है। इसके आगे बैकग्राउंड में एक और आवाज आती है, जिस दुनिया में तू कदम रखने जा रहा है, वह जगह और वहां के लोग खतरनाक हैं। यह ऑपरेशन बहुत रिस्की है। ट्रेलर में विजय देवरकोंडा दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हुए नजर आते हैं। एक सीन में विजय जबरदस्त डायलॉग बोलते हैं, अगर जरूरत पड़ी तो सब कुछ जला कर रख दूंगा। इस ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया और कैप्शन में लिखा, हमने अपने दिलों में आग जलाकर किंगडम बनाया है। गौतम नायडू की एक्शन ड्रामा में अनिरुद्ध रविचंद्र का म्यूजिक है। आज मैं आपको इसका ट्रेलर दिखा रहा हूं। इसे आप पर भी वैसे ही असर करने दें जैसे मुझ पर डाला है। फिल्म में विजय देवरकोंडा के अलावा, भाग्यश्री बोरसे, सत्यदेव और मनीष चौधरी अहम किरदार में हैं। जासूसी थ्रिलर फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्ननुरी ने किया है, जिन्होंने जर्सी बनाई है। फिल्म का निर्माण एस नागा वामसी और साई सौजन्या ने सितारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के तहत किया है। वहीं,इसके हिंदी वर्जन साम्राज्य को एडवाइज मूवीज के आदित्य भाटिया और अतुल राजानी द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमें बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर ने अपनी आवाज दी है, जबकि तेलुगू वर्जन में जूनियर एनटीआर और तमिल वर्जन में सूर्या ने अपनी आवाज दी है। यह फिल्म 31 जुलाई को दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी।



## साइको सइयां का मेरे करियर में बड़ा योगदान : ध्वनि भानुशाली

सिंगर ध्वनि भानुशाली के सॉन्ग साइको सइयां' को रिलीज हुए छह साल पूरे हो चुके हैं। ध्वनि ने साहो' के गाने से जुड़ी अपनी यादें ताजी की और बताया कि यह उनके करियर में खास महत्व रखता है। ध्वनि भानुशाली ने बताया कि इस गाने के लिए उन्होंने खास तरीके से प्रैक्टिस की थी और तेलुगू, तमिल के साथ मलयालम में हर शब्द को सावधानी से उच्चारण करना सीखा। ध्वनि ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह साइको सइयां' पर डांस करती नजर आईं। यह गाना साल 2019 में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म साहो' का है,जिसमें प्रभास, श्रद्धा कपूर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ,अरुण विजय और नील नितिन मुकेश जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुजीत ने किया था।ध्वनि ने कैप्शन में लिखा, आज साइको सइयां' सॉन्ग के छह साल पूरे हो चुके हैं। मुझे आज भी याद है,जब यह सब शुरू हुआ था। मैंने वास्ते' गाना रिलीज किया था और गोवा में दोस्तों के साथ थी, तभी मुझे फोन आया कि साइको सइयां' को तीन और भाषाओं, तेलुगू, तमिल और मलयालम में गाना है।उन्होंने बताया कि वह उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़ी नर्वस भी थीं, लेकिन उनकी टीम ने उनका हौसला बढ़ाया।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा के नियम परीक्षार्थियों पर भारी

## बनियान पहनकर दिए आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा,नियम का कड़ाई से पालन



**रायपुर,27 जुलाई 2025(ए)।** व्यापमं की आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में रविवार को मनाही के बाद भी कई परीक्षार्थी प्रतिबंधित पोशाक पहनकर पहुंच गए। रायपुर के एक परीक्षा केन्द्र में परीक्षा से पहले महिला परीक्षार्थियों को प्रतिबंधित पोशाक की जगह लट्ठे का कपड़ा उपलब्ध कराया गया था, जिसे कुर्ते का आकार देकर महिला परीक्षार्थियों ने पहनकर परीक्षा दी। यह परीक्षा सभी संभाग मुख्यालय में हुई। नकल को रोकने के लिए कड़ी प्रक्रिया अपनाई गई थी। परीक्षार्थियों के लिए पोशाक निर्धारित किए गए थे। हल्के रंग के आधा बांह के शर्ट पहनने के निर्देश थे। हिदायत के बाद भी कई जगहों पर महिला परीक्षार्थी काली टी-शर्ट पहनकर परीक्षा देने आईं थी। छत्तीसगढ़ कॉलेज में तो महिला परीक्षार्थियों के लिए चेंजिंग रूम बनाया गया था। महिला परीक्षियों को टी-शर्ट की जगह कॉलेज में बंडल बांधने के लिए प्रयोग में आने वाला लट्ठे का कपड़ा काटकर कुर्ते की शक्ल दिया गया जिसे पहनकर महिला परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुछ पुरूष परीक्षाथियों को सफेद टी-शर्ट दिया गया। एकाद ने तो बनियान पहनकर परीक्षा दी। इस दौरान पर्यवेक्षकों के साथ महिला, और पुरूष परीक्षार्थियों की बहस भी हुई। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। परीक्षा में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित था जिसे निकलवाया गया। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण,इलेक्ट्रॉनिक उपकरण,इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स,पाऊच,स्कार्फ,बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित था। पर्यवेक्षकों ने सख्ती बरतते हुए ये सब बाहर रखवाए।

### सख्ती दिखी आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में

**» दुपट्टा, बेल्ट और जूते भी उतरवाए गए...**

छत्तीसगढ़ में रविवार को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित हुई। रायपुर में 90 परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं। बिलासपुर में पीडब्ल्यूडी सब-इंजीनियर एग्जाम में हाईटेक नकल का मामला सामने आने के बाद व्यापमं ने कुछ नियम बदले हैं। एग्जाम सेंटर में एंट्री से पहले कड़ी जांच की गई। लड़कियों के काले कपड़े और दुपट्टा उतरवाए गए। कैंडिडेट टी-शर्ट लेने गई तो 2 मिनट की देरी से उसका एग्जाम छूट गया। सुबह



10:30 बजे के बाद एग्जाम हॉल का गेट बंद कर दिया गया। देर से आने वाले अभ्यर्थियों को एंट्री नहीं मिली। वे बाहर ही खड़े मिन्नतें करते रहे। नए नियमों के तहत लड़कों के बेल्ट और जूते भी उतरवा दिए गए। परीक्षा का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक है। बता दें कि 200 पद के लिए प्रदेश भर में 2 लाख 70 हजार अभ्यर्थी एग्जाम दे रहे हैं। एक कैंडिडेट ने बताया कि डार्क कलर का कपड़ा पहन कर आई थी, जिसके बाद उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। तब उसने बाजार से एक नई टी-शर्ट खरीदी। वापस सेंटर आते तक 10:32 मिनट हो गए। जिसके बाद गेट बंद कर दिया गया। उसे अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। कुछ कैंडिडेट काले रंग के दुपट्टे और काले रंग के कपड़े पहनकर आए थे, जिसके बाद उनसे दुपट्टे उतरवाए गए और काले रंग का कपड़ा भी बदलवाया गया।




# धर्मांतरण रोकने नया कानून ला रही साय सरकार

**रायपुर,27 जुलाई 2025(ए)।** प्रदेश में रोज किसी न किसी जगह से धर्मांतरण की आ रही खबरों के बीच साय सरकार धर्मांतरण पर नया कानून लाने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शदाणी दरबार में आयोजित हिंदू राष्ट्रीय अधिवेशन में नए कानून का ड्राफ्ट तैयार होने की जानकारी देते हुए बताया कि इसे विधानसभा के अगले सत्र में पटल पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिवेशन में कहा कि राज्य में कोई भी गाय सड़कों पर नहीं दिखनी चाहिए और इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में सवा 100 पंजीकृत गौशालाएं हैं,जिन्हें 5 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। नगरीय क्षेत्रों में भी गौशालाएं बनाई गई हैं, और निर्देश दिए गए हैं कि सड़कों पर मवेशी नजर न आएं। सीएम साय ने कहा,जब गाय दूध देना बंद कर देती है,तो उसे सड़कों पर छोड़ दिया जाता है. यह स्थिति ठीक नहीं है। हिंदू भाइयों को इस पर ध्यान देना होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में सड़कों पर कोई मवेशी नहीं दिखेगा। विष्णु देव साय ने जशपुर का जिक्र करते हुए कहा कि वहां एशिया का दूसरा सबसे बड़ा चर्च है,लेकिन स्व. दिलीप सिंह जूदेव और उनके पुत्र प्रबल प्रताप जूदेव ने घर वापसी अभियान को मजबूती दी है। कल्याण आश्रम के कार्यकर्ता गांव-गांव में हिंदू धर्म के प्रचार में जुटे हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### हाईकोर्ट ने सभी संदिग्ध कर्मचारियों को राज्य मेडिकल बोर्ड से जांच के दिए निर्देश



**बिलासपुर,27 जुलाई 2025(ए)।** तमाम दिशा-निर्देशों के बावजूद कई संदेही दिव्यांग कर्मचारियों और अधिकारियों ने अब तक अपना मेडिकल नहीं कराया है। इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्रों के सहारे सरकारी नौकरी कर रहे कर्मचारियों पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी संदिग्ध कर्मचारियों को 20 अगस्त 2025 तक राज्य मेडिकल बोर्ड से अनिवार्य भौतिक परीक्षण कराने के निर्देश दिया हैं।

### पारुल माथुर और जांजगीर एसपी को अवमानना नोटिस



**बिलासपुर,27 जुलाई 2025(ए)।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने अपने आदेश का पालन न करने पर डीआईजी प्रशासन पारुल माथुर और जांजगीर चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह नोटिस पामगढ़ निवासी विक्की भारती की ओर से दायर अवमानना याचिका के बाद दिया गया है। दरअसल, विक्की भारती के पिता की मृत्यु के बाद उन्हें अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई थी,जबकि कोर्ट ने 90 दिन में नियुक्ति देने का आदेश दिया था।

### सरकार के सामने उठाया मुद्दा तो बीजेवाईएम अध्यक्ष को मिला नोटिस

**» 7 दिन में देना होगा जवाब,नहीं तो...**

**रायपुर.,27 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ बीजेपी ने अपनी ही पार्टी के नेता रवि भगत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने 7 दिन के अंदर जवाब मांगा है. जवाब नहीं देने पर पार्टी से निष्कासन की कार्यवाही हो सकती है।



### बाबा का शिष्य भी गिरफ्तार

**» आश्रम में रेप का मामला**

**बालोद.,27 जुलाई 2025(ए)।** दीनदयाल योग वेदांत फाउंडेश आश्रम की नाबालिग से यौन शोषण के मामले में दूसरे आरोपी राजवीर यादव की गिरफ्तारी हो गई है। इस केस में तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज है. आश्रम संचालक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. हालांकि अबतक मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त के बाहर है।



# तोमर बंधुओं के ऑफिस पर चला बुलडोजर

**» अवैध दफ्तर हुआ जमींदोज.**

**रायपुर,27 जुलाई 2025(ए)।** राजधानी रायपुर में परदेसिया सूदखोर और हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। आज नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुलडोजर के साथ फरार बदमाश रोहित तोमर के भाटागांव के साई नगर स्थित दफ्तर पर बड़ी कार्रवाई की। यह दफ्तर बिना नक्शे और अनाधिकृत रूप से बनाया गया था और बताया जा रहा है कि यहीं से तोमर बंधु अपना अवैध सूदखोरी का धंधा चलाते थे।



**अवैध धंधे का गढ़ था यह दफ्तर..**

जानकारी के मुताबिक,फरार हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर ने यह दफ्तर अपनी पत्नी भावना तोमर के नाम से खोल रखा था। इसी जगह से वह और उसका भाई वीरेंद्र तोमर मिलकर अवैध रूप से ब्याज पर पैसा देने का काम करते थे। पुलिस पिछले कुछ समय से इन दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है और वे अभी भी फरार हैं।

**मौके पर भारी पुलिस बल तैनात,सामान निकाला गया बाहर...**

कार्रवाई के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। निगम की टीम ने दफ्तर के अंदर मौजूद सामान को बाहर निकाल दिया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की स्पेशल टीम 'प्रहरी' भी प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर मौजूद थी। इस कार्रवाई से साफ संदेश दिया गया है कि अवैध गतिविधियों और सूदखोरी के खिलाफ प्रशासन अब और भी सख्त हो गया है।

# दंतेवाड़ा में 3 नक्सली स्मारक ध्वस्त किए गए



**दंतेवाड़ा,27 जुलाई 2025 (ए)।** दंतेवाड़ा में पुलिस ने एक बार फिर बड़ा अभियान चलाते हुए मालेवाही थाना क्षेत्र के कहचेनार इलाके में तीन नक्सली स्मारकों को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, इनमें से दो स्मारक लकड़ी से बनाए गए थे, जबकि एक स्मारक सीमेंट और कंक्रीट से निर्मित किया गया था। यह कार्रवाई CRPF और डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के संयुक्त दल ने की। बताया जा रहा है कि यह अभियान नक्सलियों द्वारा मनाए जा रहे शहीद सप्ताह (28 जुलाई से 3 अगस्त) से पहले चलाया गया, ताकि क्षेत्र में उनकी गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। पुलिस का मानना है कि शहीद सप्ताह को लेकर नक्सली अंदरूनी गांवों और जंगलों में सक्रिय हो जाते हैं। इसे देखते हुए पुलिस ने पहले ही रणनीति तैयार कर कई इलाकों में गश्त और तलाशी अभियान तेज कर दिए हैं

# प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ा घोटाला

**असली लाभार्थी अब भी पक्के मकान से वंचित**



**जांजगीर-चांपा,27 जुलाई 2025 (ए)।** जांजगीर-चांपा जिले के खोखसा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव खैरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इस मामले में अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से असली हितग्राही के नाम पर स्वीकृत आवास की राशि एक अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दी गई। जानकारी के अनुसार, खैरा निवासी इतवारी दास को एक साल पहले पीएम आवास योजना में चयनित किया गया था। योजना के तहत उसके नाम पर तीन किस्तों में कुल 1 लाख 45 हजार रुपये जारी भी कर दिए गए। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी राशि खोखसा गांव के ही %इतवारी' नाम के एक अन्य व्यक्ति को दे दी गई। तीनों किस्तें पहली 12 सितंबर 2024 को 40,000, दूसरी 1 जून 2025 को और तीसरी 2 जुलाई 2025 को जारी हुईं, और पूरी राशि निकाल भी ली गई। इतवारी दास जब जनपद पंचायत नवागढ़ में जानकारी लेने पहुंचा,तब जाकर इस घोटाले का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि उसके नाम से तीन बार जियो टैगिंग भी की गई थी, जबकि उसका मकान आज भी कच्चा है। अब वह वास्तविक लाभार्थी जिला पंचायत कार्यालय और कलेक्टर के चक्कर काट रहा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। ग्राम पंचायत के वर्तमान सरपंच और पंचों ने इस मामले को गंभीर भ्रष्टाचार करार दिया है। उन्होंने बताया कि यह मामला पूर्व सरपंच के कार्यकाल का है, और जिला तथा जनपद पंचायत के अधिकारियों ने आपसी सांठगांठ से एक जरूरतमंद का हक छीन लिया। पंचायत ने भी पीड़ित इतवारी दास को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

# दो महिला सहित 17 लाख रूपये के इनामी 4 माओवादी ढेर



**» दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के 04 माओवादी ढेर, मुठभेढ में एसीएम स्तर के 03 और 01 पार्टी सदस्य कमांडर मुठभेड़ में मारा गया...**

**बीजापुर,27 जुलाई 2025(ए)।** मुठभेड़ स्थल से 01- एसएलआर, 01- इंसास, 01-303 रायफल, 01-12 बोर,बीजीएल लांचर, सिंगल शॉट सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किए गए। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर की टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अभियान के दौरान दिनांक 26 जुलाई 2025 के शाम को पुलिस बल और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ होती रही। मुठभेड़ के पश्चात मुठभेड़ स्थल की तलाशी में 01- एसएलआर,01- इंसास, 01-303 रायफल,बीजीएल लांचर,सिंगल शॉट सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किया गया।

**प्रारंभिक तौर पर मृत माओवादी की पहचान**

हुंगा,एसीएम, प्लाटून नम्बर 10 दक्षिण सब जोनल ब्यूरो,शासन द्वारा 05 लाख का इनाम घोषित,लक्खे, एसीएम,प्लाटून नम्बर 30,दक्षिण सब जोनल ब्यूरो,शासन द्वारा 05 लाख का इनाम घोषित,भीमे,एसीएम,दक्षिण सब जोनल ब्यूरो,शासन द्वारा 05 लाख का इनाम घोषित,निहाल ऊर्फ राहुल,पार्टी सदस्य (संतोष,ब्यूरो कम्युनिकेशन टीम हेड का गार्ड) दक्षिण सब जोनल ब्यूरो,शासन द्वारा 02 लाख का इनाम घोषित था।

**मुठभेड़ स्थल से बरामद सामग्री विवरण**

01 नग एसएलआर, 03 मैग्जीन 15 जिंदा राउण्ड, 1 नग इंसास , 03मैग्जीन 40 जिंदा राउण्ड,01 नग .303 रायफल 01 मैग्जीन,16 जिंदा राउण्ड, 01 नग बीजीएल लांचर (सुरखा) 03 नग सेल,01 नग सिंगल शॉट 315 बोर रायफल , 01 नग 12 बोर बंदूक,12 नग जिंदा सेल, एके 47 के 08 जिंदा राउण्ड, बीजीएल सेल छोटा 03 नग,ग्रेनेड 01 नग,नक्सल सामग्री व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ।

# तंत्र-मंत्र के जरिये धन पाने के लालच में चचेरे भाई ने मासूम लाली की चढ़ा दी बलि

**» आरोपियों के खुलासे से पुलिस भी रह गयी हैरान**

**» बलि में शामिल 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**मुंगेली,27 जुलाई 2025(ए)।** मुंगेली जिले में अंधविश्वास में मासूम बच्ची का अपहरण कर बलि चढ़ाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने तंत्र क्रिया से खूब सारा पैसा पाने की लालच में बैगा के साथ मिलकर अपने ही परिवार की बच्ची को पहले अगवा करवाया। इसके बाद बच्ची की बलि देने के बाद उसकी लाश खेत में दफना दिया। अंधविश्वास में मासूम बच्ची की हत्या के इस सनसनीखेज वारदात में शामिल 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



# डोंगरगढ़ के एक्सिस बैंक में डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी




**बैंककर्मी ने दो दर्जन से ज्यादा खाताधारकों की रकम उड़ाई**

**राजनांदगांव,27 जुलाई 2025(ए)।** डोंगरगढ़ के एक्सिस बैंक में ग्राहकों के साथ करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आने के बाद बैंक प्रबंधन के होश उड़े हुए हैं। लंबे समय से बैंक का एक कर्मचारी खाताधारकों की राशि को निजी खर्च के लिए उड़ाता रहा और प्रबंधन को इसकी खबर तक नहीं लगी। ऐसा करके बैंककर्मी ने खाताधारकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है। अब पुलिस ने बैंक मैनेजर की शिकायत के बाद आरोपी के विरूद्ध जालसाजी और कूटरचना के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस इस मामले की विवेचना में जुट गई है।

# बाउंसर गैंग पुलिस की रडार में

**भागे-भागे फिर रहा बलवा करने वाला बड़ा लीडर**

**रायपुर,27 जुलाई 2025(ए)।** राजधानी रायपुर के भावना नगर में हुए सांप्रदायिक बलवे के फरार आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। हालांकि पुलिस ने इस मामले के 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज चुकी है,लेकिन इस मामले में फरार बाउंसर गैंग का सरगना वसीम बाबू और उसके गुर्गे पुलिस गिरफ्त से बाहर है। इस मामले पर पहली बार अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश के गृहमंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा है कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि कोई भी गैंग हो वो कानून से बड़ा नहीं है,उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी।



# ड्यूटी से नदारद रहने वाले डॉक्टर का प्रमोशन

**ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर बनाए गए**

**दंतेवाड़ा,27 जुलाई 2025(ए)।** जिले के गीदम में डॉ देवेंद्र प्रताप को बीएमओ (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) नियुक्त करने के बाद एक बार फिर से विवाद की स्थिति बन रही है। कांग्रेस का कहना है कि, मरीजों के साथ हुए दुर्व्यवहार समेत अन्य आरोप इनपर लगे थे। जनता के हित को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस की सरकार में इन्हें हटाया गया था। लेकिन अब भाजपा की सरकार में नेताओं ने अधिकारियों पर दबाव बनाकर इन्हें बीएमओ की कुर्सी पर बिठा दिया है। इधर भाजपा ने कांग्रेस के इन आरोपों को गलत बताया है। कहा है कि हॉस्पिटल में राजनीति नहीं होनी चाहिए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)